दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-73 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 25 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## प्रदेश के 11 जिलों में लू का अलर्ट,नर्मदापुरम सबसे गर्म

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश में गर्मी का असर और बढ़ा दिया है। भोपाल, जबलपुर, उज्जैन, नर्मदापुरम और सागर संभाग के कई शहरों में लू जैसे हालात बन गए हैं। प्रदेश के 11 जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। तेज गर्मी को देखते हुए नर्मदापुरम में स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, जिन जिलों में लू चलने की चेतावनी दी गई है, उनमें निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, सिवनी, रतलाम, झाबुआ, धार और अलीराजपुर शामिल हैं।



बीते गुरुवार को प्रदेश का तापमान सामान्य से करीब 4.2 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। नर्मदापुरम सबसे गर्म रहा, जहां पारा 43.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके अलावा खजुराहो (छतरपुर) में 43.4 डिग्री और नौगांव में 43 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। सीधी में 42.6 डिग्री, दतिया, दमोह, सागर और टीकमगढ़ में 42.2 डिग्री, रायसेन और रतलाम में 42 डिग्री दर्ज किया गया। सतना में 41.8, मंडला में 41.6, गुना और रीवा में 41.5, नरसिंहपुर और खरगोन में 41.4 डिग्री तापमान रहा। श्योपुर में 41.2, शाजापुर, खंडवा और दतिया में 41.1 तथा उमरिया में 41 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो जबलपुर में 41.6 डिग्री, भोपाल में 41 डिग्री, ग्वालियर में 40.8 डिग्री, इंदौर में 40.6 डिग्री और उज्जैन में 40 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। भोपाल समेत कई शहरों में रात का तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। नर्मदापुरम में न्यूनतम तापमान 27 डिग्री तक पहुंच गया है, जिससे यहां 'वॉर्म नाइट' की स्थिति बनने की संभावना जताई जा रही है। वॉर्म नाइट वह स्थिति होती है, जब रात का तापमान सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री तक ज्यादा हो और दिन का तापमान 40 डिग्री या उससे अधिक हो। यदि यह बढ़ोतरी 6.4 डिग्री से ज्यादा हो जाए, तो इसे 'सीवियर वॉर्म नाइट' कहा जाता है। फिलहाल प्रदेश में ऐसी स्थिति नहीं बनी है। मौसम विभाग ने बताया कि अप्रैल के अंतिम दिनों में मौसम बदल सकता है। 27 अप्रैल को ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी और अनूपपुर में गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं।

## गुवाहाटी हाई कोर्ट से कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को झटका, अग्रिम जमानत याचिका खारिज

गुवाहाटी,(आरएनएस)। असम की गुवाहाटी हाई कोर्ट से कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को झटका लगा है। कोर्ट ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी पर आरोपों के मामले में उनको अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति पार्थिवज्योति सैकिया ने खेड़ा की जमानत याचिका पर फैसला 21 अप्रैल को सुरक्षित रख लिया था । शुक्रवार को कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी। अब खेड़ा को जल्द ही असम पुलिस पूछताछ के लिए बुला सकती है।असम में चुनाव से 2 दिन पहले कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया कि मुख्यमंत्री सरमा की पत्नी रिनिकी के पास 3 मुस्लिम देशों के पासपोर्ट हैं। उन्होंने सरमा परिवार के पास दुबई में संपत्ति और अमेरिका में 52,000 करोड़ रुपये की कंपनी का दावा किया था। इसके बाद रिनिकी ने असम पुलिस ने खेड़ा के खिलाफ मानहानि, जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोप लगाते हुए आपराधिक मामला दर्ज किया था।



## गाजियाबाद में चार साल की बच्ची से दरिंदगी की जांच महिला अधिकारियों की एसआईटी करेगी: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार 24 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के डीजीपी को एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का निर्देश दिया है. यह टीम पिछले महीने गाजियाबाद में चार साल की बच्ची के साथ हुए कथित बलात्कार और हत्या के मामले की जांच करेगी। इस मामले की सुनवाई भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पांचोली की पीठ के सामने हुई. अदालत, पीड़ित बच्ची के पिता द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने एसआईटी या सीबीआई से अदालत की निगरानी में जांच कराने की मांग की थी.पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को बताया कि इस मामले में आरोप पत्र पहले ही दाखिल किया जा चुका है और सुनवाई भी शुरू हो गई है. पीठ ने संज्ञान लिया कि पीड़ित बच्ची के माता-पिता गाजियाबाद पुलिस द्वारा की गई जांच से संतुष्ट नहीं थे.सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विशेष जांच दल का गठन शुक्रवार को या शनिवार सुबह 11 बजे तक कर दिया जाए. कोर्ट ने निर्देश दिया कि इस टीम में केवल महिला पुलिस अधिकारी शामिल होनी चाहिए और इसका नेतृत्व कमिश्नर या महानिरीक्षक (आईजी) रैंक के अधिकारी द्वारा किया जाना चाहिए.पीठ ने आदेश दिया कि यह एसआईटी पीड़ित माता-पिता द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों की जांच करेगी।



## आम आदमी पार्टी में टूट, राघव चड्ढा भाजपा में शामिल, पार्टी के दो तिहाई सांसद आए साथ

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी में टूट हो गई है. आप के राज्यसभा के 10 सांसदों में से सात सांसद भाजपा में शामिल हो गए. आप सांसद राघव चड्ढा अपने साथियों के साथ भाजपा में शामिल हुए. संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, सांसद राघव चड्ढा ने कहा, हमने फैसला किया है कि हम, राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई सदस्य, भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए भाजपा में विलय कर लेंगे. आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह पंजाब के साथ धोखा है.पिछले कुछ महीनों से चड्ढा को लेकर ऐसी खबरें मीडिया में आ रही थीं. राघव चड्ढा ने कहा कि उनके साथ हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजिंदर गुप्ता और विक्रम साहनी भी शामिल हैं. उन्होंने कहा कि हमने राज्यसभा सचिवालय को भी इसकी सूचना दे दी है.सांसद राघव चड्ढा ने कहा, राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के 10 सांसद हैं, जिनमें से दो तिहाई से अधिक इस मामले में हमारे साथ हैं. उन्होंने हस्ताक्षर किए हैं और आज सुबह हमने हस्ताक्षरित पत्र और दस्तावेज राज्यसभा अध्यक्ष को सौंप दिए हैं... उनमें से तीन आपके सामने उपस्थित हैं. हमारे अलावा, हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, विक्रम साहनी और स्वाति मालीवाल भी हैं.उन्होंने आगे कहा, मैं आपको पार्टी की गतिविधियों से खुद को अलग करने का असली कारण बता रहा हूं. मैं उनके गुनाहों का हिस्सा नहीं बनना चाहता था. मैं उनकी दोस्ती के लायक नहीं था, क्योंकि मैं उनके अपराध में शामिल नहीं था. हमारे पास सिर्फ दो ही विकल्प थे - या तो राजनीति छोड़ दें और पिछले 15-16 सालों में किए गए अपने जनसेवा के काम को त्याग दें या फिर अपनी ऊर्जा और अनुभव से सकारात्मक राजनीति करें.। इसलिए, हमने फैसला किया है कि राज्यसभा में आप के दो-तिहाई सदस्य भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए भाजपा में विलय कर लेंगे.ये हैं राज्यसभा के सात सांसद: हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक, विक्रम साहनी, राजिंदर गुप्ता। सांसद संदीप पाठक ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे जीवन में ऐसी स्थिति आएगी. लेकिन ऐसा हुआ. मैं 10 साल तक इस पार्टी का हिस्सा रहा. आज मैं आप से अलग रास्ता अपना रहा हूं...जब पार्टी में शामिल होने की बात आई, तो मैं आप में इसलिए शामिल हुआ क्योंकि वे नई राजनीति और काम की राजनीति की बात करते थे...10 साल में मैंने कड़ी मेहनत की...मैंने जो भी राजनीतिक फैसले लिए, वे पार्टी के हितों को प्राथमिकता देते हुए लिए...मैं आज भाजपा में शामिल हो रहा हूं।




## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए विपक्ष ने राज्यसभा में नया नोटिस दिया

नईदिल्ली (आरएनएस)। चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए विपक्ष ने शुक्रवार को राज्यसभा में नया नोटिस दिया है। राष्ट्रपति को संबोधित पत्र राज्यसभा महासचिव को सौंपा गया है। इस पत्र में कहा गया है कि यह नया नोटिस एक विशिष्ट और हाल ही में प्राप्त आधार पर आधारित है। इसमें 73 विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर हैं। विपक्षी सांसदों ने पत्र में सीईसी पर 9 विशिष्ट आरोप लगाए हैं।




राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने एक्स पर बताया कि राज्यसभा में 73 विपक्षी सांसदों ने अभी-अभी अपने महासचिव को राष्ट्रपति को संबोधित प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए एक नया नोटिस ऑफ मोशन सौंपा है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने का आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि यह मांग 15 मार्च, 2026 को और उसके बाद उनके द्वारा किए गए कृत्यों और गलतियों के आधार पर सिद्ध दुराचार के आधार पर की गई है।



## पश्चिम बंगाल का चुनाव करवा रहे 65 चुनाव अधिकारी ही मतदाता सूची से बाहर

कोलकाता, (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) उन 65 अधिकारियों के ही नाम काट दिए गए हैं, जिनकी ड्यूटी चुनाव में लगी है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिसकी शुक्रवार को सुनवाई हुई। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने मामले पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। विभिन्न राज्यों में हुई एसआईआर को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं।याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने कोर्ट को बताया, ये 65 याचिकाकर्ता चुनाव ड्यूटी पर तैनात हैं। उनके ड्यूटी आदेशों में ईपीआईसी नंबरों का उल्लेख है। अब उन नंबरों को हटा दिया गया है। अब चुनाव कराने वाले लोग वोट नहीं दे सकते!



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में भारतीय विदेश सेवा - 2025 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने सौजन्य भेंट की।

## सोनपुर ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का होगा भव्य कायाकल्प, 6 करोड़ से अधिक की योजना को मंजूरी

छपरा, (आरएनएस)। सारण जिले के ऐतिहासिक सोनपुर ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में एयरपोर्ट के RT TACK भवन के डिजाइन और निर्माण के लिए 6 करोड़ रुपये से अधिक की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इस निर्णय से एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की योजना को गति मिलेगी और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह उपलब्धि सांसद राजीव प्रताप रूडी के 15 वर्षों के अथक प्रयासों का परिणाम है। साथ ही कल कैबिनेट बैठक में बाबा हरिहरनाथ मंदिर कॉरिडोर के लिए 680 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने से भी ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।




## चाबहार बंदरगाह से बाहर निकल सकता है भारत, ईरानी कंपनी को हिस्सेदारी बेचने की तैयारी

नईदिल्ली, (आरएनएस)। ईरान के चाबहार बंदरगाह को लेकर भारत जल्द ही बड़ा फैसला ले सकता है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत बंदरगाह में अपनी हिस्सेदारी ईरान की किसी कंपनी को बेचने पर विचार कर रहा है। हालांकि, सरकार ने इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। दरअसल, अमेरिका ने चाबहार बंदरगाह से व्यापार पर प्रतिबंध लगा रखे हैं। इन प्रतिबंधों से भारत को मिली छूट 26 अप्रैल को खत्म हो रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, एक प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसमें सरकार ने इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल चाबहार फ्री जोन में इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल की हिस्सेदारी एक ईरानी कंपनी को बेचने का विचार रखा है। भारत एक ऐसी व्यवस्था पर विचार कर रहा है, जिसके तहत अमेरिकी प्रतिबंध जारी रहने तक एक ईरानी कंपनी बंदरगाह का संचालन संभालेगी और यह गारंटी दी जाएगी कि प्रतिबंध हटने के बाद इसे फिर भारत को सौंप दिया जाएगा।रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत सरकार ने चाबहार परियोजना में निरंतर भागीदारी के जोखिमों का आंतरिक रूप से आकलन किया है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि अगर प्रतिबंधों में छूट नहीं मिलती है तो बंदरगाह में शामिल कंपनियां प्रभावित हो सकती हैं और उन पर भी प्रतिबंध लग सकता है। अगर ऐसा होता है तो वैश्विक बंदरगाह उद्योग में भारत की अग्रणी भूमिका निभाने की योजनाओं में बाधा आ सकती है।

## शादी से लौट रही कार और ट्रक में भीषण टक्कर, दूल्हे के मामा-मामी समेत 5 की मौत




भंडारा (महाराष्ट्र),(आरएनएस)। जिले के पवनी तालुका के अड्याल गांव के पास गुरुवार 23 अप्रैल की देर रात को बारातियों को ले जा रही मारुति ओमनी वैन और एक ट्रक के बीच हुए टक्कर में दूल्हे के मामा-मामी सहित पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. चार अन्य गंभीर रूप से घायल हैं. घायलों को इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

भंडारा जिले के अड्याल निवासी लोमेश नन्हे के बेटे का विवाह समारोह कोंधा गांव में था. समारोह खत्म होने के बाद, नौ बारातियों को लेकर एक मारुति वैन अड्याल की ओर जा रहा था. सौंडल गांव के पास पहुंचने पर, वैन भंडारा से पवनी की ओर तेजी से आ रहे एक ट्रक से जोरदार टक्कर मार दी. एक्सीडेंट इतना भयानक था कि वैन के परखच्चे उड़ गये।

रात के समय टक्कर की जोरदार आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बचाव का काम शुरू किया गया. नौ में से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी. पुलिस ने बाकी चार घायलों को इलाज के लिए तुरंत अड्याल हॉस्पिटल पहुंचाया. वहां से, उन्हें बेहतर इलाज के लिए डिस्ट्रिक्ट जनरल हॉस्पिटल भेज दिया गया. घायलों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

### दिल्ली दंगा मामले में आरोपी इशरत जहां की जमानत के खिलाफ दिल्ली पुलिस की याचिका खारिज

नईदिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस की ओर से दिल्ली दंगा मामले में दायर उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने निचली अदालत को फैसले को चुनौती थी। पुलिस ने याचिका दायर कर फरवरी 2020 में हुए दिल्ली दंगा मामले में आरोपी कांग्रेस नेता इशरत जहां की जमानत का विरोध किया था। दिल्ली पुलिस ने हाई कोर्ट में तर्क दिया कि निचली अदालत ने उसके समक्ष प्रस्तुत किए गए सबूतों और बयानों को नजरअंदाज किया था। दिल्ली पुलिस की याचिका पर न्यायमूर्ति नवीन चावला और रविंदर दुदेजा की खंडपीठ ने सुनवाई की। पीठ ने कहा कि विशेष अदालत द्वारा इशरत जहां को जमानत दिए जाने के बाद से 4 साल से अधिक समय बीत चुका है और ऐसा कुछ भी नहीं है, जिससे यह पता चले कि उसने जमानत की किसी भी शर्त का उल्लंघन किया है।

## ममता की हुंकार..बंगाल के बाद अब दिल्ली भी जीत लूंगी

कोलकाता,(ए.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर तीखा हमला कर दावा किया है कि राज्य विधानसभा चुनावों में जीतने के बाद दिल्ली को भी जीत लेंगी। एक रैली को संबोधित कर ममता ने कहा कि वह सभी विपक्षी दलों को एकजुट करके केंद्र में बीजेपी को खत्म कर देने वाले है। उन्होंने कहा कि मैंने उन सभी लोगों के नाम लिख लिए हैं जो बीजेपी के लिए दलाल का काम कर रहे हैं—ए से लेकर जेड तक, और उनके घरों की जगह भी देख ली है। आपको लगता है कि आप हम पर नज़र रख सकते हैं? आपने जिस भी व्यक्ति को पार्टी में शामिल किया है, उस बीजेपी में लाने से पहले उसके पारिवारिक पृष्ठभूमि की पूरी जाँच-पड़ताल की है, और अधिकारियों की नियुक्ति भी आपने उसी आधार पर की है।ममता ने कहा कि यह याद रखना, तुममें हमें हराने की काबिलियत नहीं है। हम अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं, हम अपने अधिकारों के लिए लड़ते हैं। मेरा जन्म बंगाल में हुआ था, और मैं अपनी आखिरी सांस इसी बंगाल में लूंगी। मैं दिल्ली को जीतूंगी, इस बात का पूरा भरोसा रखना; एक बार जब मैं बंगाल में जीत हासिल कर लूंगी, तब मैं सभी राजनीतिक पार्टियों को एक साथ लाकर ऐसा करूंगी। मुझे सत्ता की कुर्सी का कोई लालच नहीं है; मेरी बस यही इच्छा है कि दिल्ली में बीजेपी को पूरी तरह से खत्म किया जाएं।



K ✌ K
राजधानी समाचार





# दसवीं बोर्ड टॉपर कु. प्रतिभा सोलंकी को प्रोत्साहनस्वरुप मिलेंगे एक लाख रुपये : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने 10वीं बोर्ड में 500 में 499 अंक लाने पर पन्ना की प्रतिभा सिंह को दी बधाई



भोपाल (निप्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दसवीं बोर्ड की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली होनहार छात्रा पन्ना की कु. प्रतिभा सिंह सोलंकी को माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 500 में से 499 अंक प्राप्त करने पर एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बेटी कु. प्रतिभा और उनके माता-पिता को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बेटी कु. प्रतिभा को सुशासन की प्रतीक लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर माँ की मूर्ति भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट तथा आशीर्वाद प्राप्त करने प्रतिभा, परिजन सहित समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) आईं थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभा को आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रतिभा जैसी बेटियां प्रदेश की शान हैं। प्रतिभा की सफलता लाखों बेटियों और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। बिटिया की उपलब्धि पर पूरे प्रदेश को गर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कु. प्रतिभा और उनके परिजन ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया।

## लोक निर्माण विभाग के औचक निरीक्षण में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष फोकस

### लापरवाही पर सहायक यंत्री एवं उप यंत्री को नोटिस एवं ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश

भोपाल(निप्र.)। लोक निर्माण विभाग में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 22 अप्रैल को मुख्य अभियंताओं के सात दलों द्वारा विभिन्न जिलों में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण हरदा, मंडला, ग्वालियर, इंदौर, सतना, देवास एवं पन्ना जिलों में किया गया, जिसमें कुल 35 कार्यों का रैंडम आधार पर चयन कर परीक्षण किया गया। निरीक्षित कार्यों में 21 कार्य लोक निर्माण विभाग (सड़क/पुल), 6 कार्य पीआईयू (भवन), 7 कार्य म.प्र. सड़क विकास निगम तथा 1 कार्य म.प्र. भवन विकास निगम से संबंधित थे। निरीक्षण दलों से प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा बैठक म.प्र. सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई, जिसमें विभागीय वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे। पन्ना जिले में गुनौरगंज-चंदला मार्ग के निर्माण कार्य की गुणवत्ता असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधित सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा ठेकेदार मेसर्स साई इंफ्राटेक को काली सूची में डालने के लिये निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अन्य 31 कार्यों में आंशिक सुधार के निर्देश जारी किए गए। इंदौर जिले में आईडीसी द्वारा इंदौर-उज्जैन (एसएच-59) मार्ग के 6 लेन निर्माण कार्य को संतोषजनक पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार मेसर्स महाकाल हाईवे प्राइवेट लिमिटेड की प्रशंसा की गई।

## भोपाल में बटे BJP पार्षद के लापता होने के पम्पलेट

### लिखा-जो बताएगा उसे 5000 देंगे; परिजन बोले-थाने में शिकायत करेंगे




भोपाल। भोपाल में एक बीजेपी की महिला पार्षद के 'लापता'होने के पम्पलेट्स बंटे हैं। वार्ड-61 की पार्षद मधु शिवनानी की तस्वीर लगे पम्पलेट्स में लिखा कि जो भी पार्षद की जानकारी देगा, उसे 5 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। ये पम्पलेट्स किसने बंटवाए, इसका खुलासा नहीं हो सका है।मधु शिवनानी पहली बार की पार्षद हैं और उनके पति संजय शिवनानी संगठन में मंडल महामंत्री हैं। वार्ड-61 में अवधपुरी जैसा बड़ा इलाका शामिल हैं। शुक्रवार सुबह पार्षद की तस्वीर लगे पम्पलेट्स वार्ड में अखबारों के अंदर रखे मिलें। जिसमें पार्षद के 3 महीने से लापता होने की बात लिखी गई थी। इनाम की घोषणा के साथ पार्षद की अनुपस्थिति में मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य कई फर्जी दस्तावेज बनाए जाने की बात भी लिखी गई।

**परिजनों को सुबह लगी पम्पलेट्स की जानकारी**

इस मामले में पार्षद के पति संजय शिवनानी से बात की। उन्होंने बताया हमें नहीं पता कि पम्पलेट्स किसने बंटवाए हैं। सुबह हमें मित्रों के माध्यम ये पम्पलेट्स के बारे में जानकारी मिली।

**ईरान-अमेरिका युद्ध की वजह से नीदरलैंड से नहीं लौट पाई**

बेटा सुशांत नीदरलैंड में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वह बहू के साथ वहीं रहता है। कुछ दिन पहले ही पोते का जन्म हुआ है। इसलिए पत्नी फरवरी में बेटा-बहू के पास नीदरलैंड गई थीं। मार्च में ही वापस आना था, लेकिन ईरान-अमेरिका युद्ध की वजह से फ्लाइड री-शेड्यूल कराना पड़ी। दूसरी ओर, पत्नी का स्वास्थ्य भी ठीक नहीं था। इसलिए डॉ. सुशील कुमार गुप्ता को दिखाया था। डॉ. गुप्ता ने एक-दो महीने आराम करने की सलाह दी थी। इसलिए पत्नी बेटे के पास गई थीं। ताकि, पोते की देखभाल और आराम दोनों हो जाए।

## सीईओ श्रीमती इला तिवारी ने किया फंदा ब्लॉक की पंचायतों का निरीक्षण

### विकास कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण एवं समय-सीमा में पूर्ण करने के दिये निर्देश



भोपाल(ए.)। सीईओ जिला पंचायत भोपाल श्रीमती इला तिवारी ने फंदा जनपद पंचायत की विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर विकास कार्यों का जायजा लिया। तत्पश्चात मुंगालिया छाप के क्लस्टर मुख्यालय पर समीक्षा बैठक आयोजित कर विकास कार्यों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। भ्रमण के लिए सीईओ श्रीमती तिवारी ने सबसे पहले ग्राम पंचायत, मेंडोरा पहुंचकर निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को पंचायत भवन कार्य को 1.5 माह में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। तत्पश्चात ग्राम में निर्मित शेड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही मेंडोरा में स्थित बायोगैस प्लांट को पुनः चालू करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत, बरखेडी बाज्याफ्त में चल रहे आवास निर्माण कार्य को देखकर उन्हें सी.एस.ई.बी ब्लॉक का उपयोग कर गुणवत्तायुक्त पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को

### नवीन जांच प्रक्रिया के नियम जारी

भोपाल(ए.)। राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल 2026 को O.M.R. पद्धति से प्रातः 10:00 से 12:00 एवं दोपहर 02:15 से 04:15 बजे तक, दो सत्रों में प्रदेश के सभी संभाग/जिला मुख्यालयों के 365 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा निर्विघ्न, सुव्यवस्थित एवं शुचिता पूर्ण सम्पन्न हो, इसके लिए संभाग एवं जिला मुख्यालयों पर उक्त परीक्षा के लिए नवीन प्रकिया के संबंध में परीक्षार्थियों को सूचित करे।राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के दौरान त्रिस्तरीय नवीन जाँच प्रकिया बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्केनिंग, एचएचएमडी के माध्यम से तलाशी प्रारंभ की गई है।

## नरवाई जलाना खेत और सेहत दोनों के लिए हानिकारक : कृषि मंत्री श्री कंषाना

### कृषि चौपाल के माध्यम से प्रदेशभर में किसान जागरुकता अभियान



भोपाल(निप्र.)। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि प्रदेश में नरवाई जलाने के नुकसान और नहीं जलाने के फायदों को लेकर कृषि विभाग द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप 'कृषि चौपाल' के माध्यम से हर विकासखंड के गांवों में किसानों को नरवाई प्रबंधन की वैज्ञानिक जानकारी दी जा रही है।कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि रबी कटाई के बाद अप्रैल-मई में यह अभियान तेज कर दिया गया है। वर्तमान में मालवा, निमाड़, बुंदेलखंड, महाकौशल, चंबल और विंध्य क्षेत्र के सभी 313 विकासखंडों में 'कृषि चौपाल' आयोजित की जा रही हैं। बड़े स्तर पर नरवाई प्रबंधन पर चर्चा हो रही है। कृषि विज्ञान केंद्र, आत्मा परियोजना और कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से लाइव प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं। मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि नरवाई जलाने के कई दुष्परिणाम हैं। इसे जलाने से मिट्टी की उर्वरता नष्ट होती है। लगभग 1 टन नरवाई जलाने से 5.5 किलो नाइट्रोजन, 2.3 किलो फॉस्फोरस, 25 किलो पोटाश व 400 किलो कार्बनिक पदार्थ जल जाते हैं, जिससे मित्र कीट मर जाते हैं। पर्यावरण व स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। धुएं से जहरीली गैसें बढ़ती हैं, जिससे सांस व आंखों के रोग होते हैं। दृश्यता घटने से सड़क हादसे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देश पर नरवाई जलाना दंडनीय अपराध है और जुर्माने का प्रावधान है। मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि नरवाई नहीं जलाने के फायदे हैं। इसे खेतों में मिलाने से भूमि की सेहत सुधरती है। हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, मल्चर से नरवाई खेत में मिलाने पर जैविक कार्बन बढ़ता है, पानी रोकने की क्षमता 30 प्रतिशत बढ़ती है। किसानों को अतिरिक्त आय भी होती है। स्ट्रॉ बेलर से गट्ठर बनाकर गोशाला, पेपर मिल, बायो-सीएनजी प्लांट को बेचा जा सकता है। पराली को खेत में मिलाने से अगली फसल में 20 प्रतिशत यूरिया कम लगती है। प्रदेश में नरवाई प्रबंधन यंत्रों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने अपील की है कि किसान 'कृषि चौपाल' में अवश्य भाग लें और 'ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल' से मशीनों के लिए आवेदन करें। उन्होंने कहा कि नरवाई खेत का सोना है, इसे जलाएं नहीं, अपनाएं। अधिक जानकारी के लिए किसान कॉल सेंटर या 'एमपी किसान ऐप' पर संपर्क कर सकते हैं।

## एक और निजी कंपनी में धार्मिक प्रतीकों पर प्रतिबंध को लेकर मचा बवाल

### - हिंदू उत्सव समिति ने परमाली फैक्ट्री पर किया प्रदर्शन

### - कर्मचारियों के समर्थन में तिलक लगाया कलावा बांधा, एफआईआर की मांग



भोपाल(ए.)। एमपी नगर इलाके के मैदा मील पर स्थित परमाली फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों पर बिंदी, तिलक और सिंदूर लगाने पर प्रतिबंध लगाने को लेकर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने अपने समर्थकों के साथ फैक्ट्री फैक्ट्री पहुंचे। वहां उन्होंने कर्मचारियों के समर्थन में तिलक लगाया और कलावा बांधा। इससे पहले समिति के कार्यकर्ता बीडीए कार्यालय पर एकत्रित हुए और प्रदर्शन करते हुए एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। समिति के अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी ने आरोप लगाया कि कंपनी ने नोटिस जारी कर कर्मचारियों के तिलक, बिंदी, मंगलसूत्र जैसे अन्य धार्मिक प्रतीक पहनकर आने पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश जारी किया है। उन्होंने इसे धार्मिक आस्था और परंपराओं पर आघात बताते हुए कहा कि इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक कर्मचारी ने दावा किया कि जब वह कलावा और तिलक लगाकर फैक्ट्री पहुंचा, तो उसे बाहर कर दिया गया। इससे कर्मचारियों में नाराजगी का माहौल है।

विवाद बढ़ता देख फैक्ट्री मैनेजर ने कहा की यह सर्कुलर कंपनी की ओर से जारी किया गया था। उनका कहना है कि इन वस्तुओं के उपयोग से प्रोडक्ट रिजेक्ट होने की संभावना रहती है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि समिति की मांग पर विचार किया जाएगा और नोटिस वापस लेने की कोशिश की जाएगी। वहीं हिंदू उत्सव समिति ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर एफआईआर दर्ज करने की मांग करने के साथ ही कंपनी के उत्पादों के बहिष्कार की अपील भी की गई है। इस दौरान फैक्ट्री के बाहर सुरक्षा के इंतेजाम किये गये थे।

**सफलता की कहानी**

## मां नर्मदा को प्रदूषण मुक्त रखने के संकल्प के साथ आटे के दीपक का शुरू किया व्यवसाय



भोपाल (ए.)। प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं उनकी आय में वृद्धि के उद्देश्य से स्व-सहायता समूह बनाकर उनको रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे है। प्रदेश में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूह स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगार के साधन अपना रहे हैं। ओंकारेश्वर के एक स्व-सहायता समूह ने इसी दिशा में एक अच्छा कार्य आरंभ किया है।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठी पहल: आटे के दीपक निर्माण से आत्मनिर्भरता की ओर कदम

खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर के समीप स्थित ग्राम मोरटक्का निवासी श्रीमती विजया जोशी ने मां नर्मदा आजीविका स्वयं सहायता समूह का गठन कर एक अनूठी पहल की। उन्होंने आटे के दीपक निर्माण का व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया। उनका मानना था कि प्लास्टिक के दोने में दीपदान करने से नदी में प्रदूषण बढ़ता है, जिससे मां नर्मदा में रहने वाले जलीय जीव-जंतुओं को भी नुकसान होता है। इसी सोच के साथ समूह की महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए आटे के दीपक बनाने का कार्य शुरू किया।

### सरकारी सहयोग और बाज़ार उपलब्धता से महिलाओं को मिली नई पहचान

महिलाओं ने स्व-सहायता समूह के माध्यम से डेढ़ लाख रुपये का ऋण लेकर दीपक निर्माण की मशीन खरीदी। ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक आनंद शर्मा ने बताया कि मिशन द्वारा महिलाओं को पैकेजिंग, मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग के क्षेत्र में आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया जा रहा है। समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए आटे के दीपक मोरटक्का के खेड़ीघाट स्थित फूलमाला एवं किराना दुकानों पर विक्रय के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। इससे ओंकारेश्वर और मोरटक्का क्षेत्र में मां नर्मदा में दीपदान करने वाले श्रद्धालुओं को उचित मूल्य पर पर्यावरण अनुकूल विकल्प मिल रहा है।समूह की अध्यक्ष श्रीमती विजया जोशी ने बताया कि इस पहल से दो प्रमुख लाभ हुए हैं। पहला, प्लास्टिक के दोने से होने वाला प्रदूषण कम हुआ है। दूसरा, दीपक में उपयोग किया गया आटा नदी में मछलियों के भोजन के रूप में उपयोग हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि शास्त्रों में दीपदान का विशेष महत्व बताया गया है। शास्त्रीय विधि से आटे के दीपक में दीपदान करने से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होने की मान्यता भी है।

## गोलीकांड और गोकशी का फरार इनाम बदमाश लोडेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार

भोपाल(ए.)। ऐशबाग पुलिस ने ईंटखेड़ी थाना इलाके में हुए गोलीकांड और ऐशबाग क्षेत्र में गोकशी के मामले में फरार चल रहे 5 हजार के इनामी बदमाश को लोडेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थाना पुलिस के अनुसार कम्मू का बाग में रहने वाला गुराज उर्फ शारिक खान पिता जाहिद खान (32) थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। उसके खिलाफ ईंटखेड़ी में गोली चलाने के मामले सहित शहर के अलग-अलग थानो में दर्जन भर से अधिक अपराधिक प्रकरण दर्ज है। इसके अलावा गोकशी के मामले में वह करीब सालभर से फरार चल रहा था। बीते दिन टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि वह किसी वारदात को अंजाम देने की नियत से जानलेवा हथियार लेकर सोनिया गांधी कॉलोनी में घूम रहा है। खबर मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से एक पिस्टल और कारतूस मिला।

- ईंटखेड़ी इलाके में शादी से लौट रहे दंपती पर चलाई थी गोलियां

थाना पुलिस के अनुसार 18 अगस्त, 2025 को दर्ज गोकशी के मामले में आरोपी रुसी खॉन और जब्बार को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। वहीं गुराज और अमन फरार चल रहे थे। उसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित था। कम्मू का बाग में रहने वाले गुराज उर्फ शारिक खान के घर पर रिमशा और उसके बदमाश पति दानिश अली ने एक महीना पहले गोली चलाकर सनसनी फैला दी थी।

## बिना नंबर की बाइक से आये नकाबपोश बदमाशो ने गोली चलाकर फैलाई दहशत

*- फुटेज के आधार पर आरोपियो की तलाश में जुटी पुलिस*

*- हाई सिक्योरिटी जोन इलाके में 15 दिन में दूसरी बड़ी वारदात*



भोपाल(ए.)। शहर के श्यामलाहिल्स थाना इलाके में बुधवार देर रात बिना नंबर की बाइक से आये अज्ञात नकाबपेश बदमाशो ने एक युवक के घर के बाहर हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाते हुए फरार हो गये। बताया गया है कि बदमाशो ने पहले युवक के घर जाकर उसका नाम लेकर चिल्लाचोट की और कुछ देर बाद दो राउंड हवाई फायरिंग कर भाग गये। जिस युवक का नाम लेकर फायरिंग की गई थी। उसका एक बदमाश से कुछ दिनों से विवाद चल रहा था, वारदात से कुछ देर पहले ही वह बदमाश और युवक श्यामलाहिल्स थाने से समझौता करके निकले थे। पीड़ित युवक ने उसी बदमाश पर फायरिंग करने या अपने किसी गुर्गे से करवाने का संदेह जताया है। पुलिस को मौके से चली हुई गोली एक खोल बरामद हुआ है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आगे की जॉच शुरु कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्यामलाहिल्स थाना क्षेत्र में रहने वाला राजकुमार राजपूत प्राईवेट नौकरी करता है। राजकुमार की मां शारदा बाई राजपूत पति स्वर्गीय दयाराम राजपूत (55) किलोल पार्क के पास पेट्रोल पंप की पीछे की बस्ती में रहती है, हालांकि लगभग चार साल से राजकुमार अपनी मॉ से अलग रह रहा है। कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले आकाश बाथम से किसी बात को लेकर राजकुमार का कुछ दिनो पहले विवाद हो गया था। इसके बाद आकाश और उसके साथी राजकुमार को तलाशते हुए उसकी मां के घर भी जा रहे थे। इसकी शिकायत शारदा बाई ने श्यामलाहिल्स थाने में की जिसके बाद थाना पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने तलब किया। बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे तक आकाश और राजकुमार थाने में ही मौजूद रहे और एक दूसरे से समझौता किया। थाने से निकलकर राजकुमार अपने घर पहुंचा, कुद देर बाद ही उसके घर के बाहर बाईक सवार बदमाश आये और उसका नाम लेकर हवाई फायर कर दिए। गोली चलने की सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस को घर के बाहर से गोली का एक खोखा मिला है। पुलिस का कहना है कि छानबीन के दौरान सीसीटीवी कैमरे में बिना नंबर की बाइक पर आये दो नकाबपोश बदमाशो के फुटेज मिले है, जिसके आधार पर पुलिस टीम उनकी तलाश में जुटी है।

# मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों की कमी की शीघ्र होगी पूर्ति : उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

### >>> स्वास्थ्य भवन बना आशा और उम्मीदों का केंद्र, मातृ-शिशु सेवा को मिलेगा नया आयाम : मंत्री राकेश सिंह
### >>> मंदसौर जिला अस्पताल में 29 करोड़ के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

मंदसौर (ए.)। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने शुक्रवार को मंदसौर जिले के स्वास्थ्य एवं अधोसंरचना विकास को नई गति देते हुए इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय, मंदसौर में कुल 29 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने 7 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित 100 बिस्तरीय नवनिर्मित वार्ड तथा 17 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से बने 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) भवन का लोकार्पण किया। साथ ही 4 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से चांदाखेड़ी फंटा से खजुरिया मार्ग निर्माण कार्य का भूमि-पूजन भी किया। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से प्रदेश के स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की कमी को धीरे-धीरे दूर किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि पहले प्रदेश में सीमित



संख्या में मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन अब प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इन संस्थानों से प्रशिक्षित होकर निकलने वाले विद्यार्थी प्रदेश में ही सेवाएं देंगे, जिससे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि जिला चिकित्सालय मंदसौर में आज जो सुविधाएं जोड़ी गई हैं, वे क्षेत्र के नागरिकों के लिए बड़ी सौगात हैं और इससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आएगा। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य भवन केवल एक इमारत नहीं है, बल्कि यह भविष्य की आशाओं का केंद्र है। यह विशेष रूप से माताओं और बहनों की सेवा के लिए समर्पित रहेगा तथा समाज के लिए प्रेरणादायक केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य केवल भौतिक अधोसंरचना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्हें प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर किया जा रहा है। बदलते हुए भारत में परिवर्तन को महसूस किया जा रहा है। सकारात्मक परिवर्तन देखा जा रहा है। विकास को नए पंख लगे हैं। विकास की धारा बह रही हैं। विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं।लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कहा कि सरकार निरंतर विकास कार्यों को गति दे रही है और विभिन्न क्षेत्रों में नई सौगातें प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े स्तर पर बजट आवंटन किया गया। जिसके परिणामस्वरूप सुविधाओं में व्यापक सुधार देखने को मिल रहा है।

# संतों के आशीर्वाद से होती है हर मुश्किल आसान : नरसिंह देवाचार्य



जबलपुर, (ए.)। कुलौन शहपुरा - पीढ़ी दर पीढ़ी धार्मिक आध्यात्मिक सांस्कृतिक मान्यताओं को जनमानस तक पहुंचाने का काम संत महात्माओं के द्वारा ही किया जाता है। संतों की वाणी में मधुरता के साथ ही आशीर्वाद के साथ ही हर मुश्किल काम भी आसान हो जाता है। नर्मदा मैया के तट पर सनातन धर्म संस्कृति को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर तक पहुंचाने में महंत नंदकिशोरदास महाराज का बहुत बड़ा योगदान रहा है।गोलोकवासी महन्त स्वामी नंदकिशोरदास महाराज की पंचम पुण्य स्मरण दिवस श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज के सानिध्य में महंत प्रकाशानंद महाराज, महंत श्रीराम भारती संत महात्माओं पूजन अर्चन,अभिषेक, संत उद्बोधन के पश्चात विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन नरसिंह मंदिर सिध्दाघाट, कुलौन शहपुरा में किया गया। इस अवसर पर विधायक नीरज सिंह,अमित तेहनगुरिया, सुभाष सिंह , संदीप जैन गुडडा, रंजीत सिंह, राधवेंद्र यादव लालू, राजेन्द्र प्यासी, लोकराम कोरी, विध्येश भापकर, रामसिंह ,दशरथ सिंह, ओमकार सिंह ,लवकुशसिंह, गुरुवेंद्र सिंह , बारू बर्मन ,जितेन पटेल, रघुवीर पटेल, रोहित पटेल, प्रवीण चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# पानी की आपूर्ति और साफ-सफाई व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे : ऊर्जा मंत्री तोमर

### - ऊर्जा मंत्री शहर की सीवर, सफाई व्यवस्था देखने सुबह 6 बजे विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे



ग्वालियर (ए.)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शुक्रवार सुबह 6 बजे उप नगर ग्वालियर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर पेयजल आपूर्ति तथा सफाई व्यवस्था, सीवर व्यवस्था का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति और सफाई व्यवस्था में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ऊर्जा मंत्री ने सुबह 6 बजे वाटर सीवरेज पंपिंग स्टेशन पीएचई कॉलोनी में पहुंचकर नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ सीवरेज सफाई व्यवस्था देखी और जरूरी निर्देश दिए । ऊर्जा मंत्री तोमर ने वार्ड 4 के चद्र नगर, ठाकुर मोहल्ला, बार्ड 1 के रामाजी का पुरा, आरआर टॉवर पहुंचकर सीवर व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सड़क और विद्युत व्यवस्था तथा वार्ड 36 के गेंडे वाली सड़क और शिंदे की छावनी में पहले किये गये निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश पर हुई कार्यवाही को देखा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर निगम अधिकारियों को तुरंत सफाई व्यवस्था में सुधार करने हेतु निर्देशित किया।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह के आयोजन हेतु बैठक सम्पन्न



भिंड (ए.) । म.प्र. खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह वर्ष 2026 का आयोजन जिले में 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 18 वर्ष तक बालक/बालिका खिलाडियों के लिये दिनांक 15 अप्रैल से 30 जून 2026 के मध्य विकासखण्ड एवं जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जाना है। उक्त आयोजन के प्रभावी रूप से संचालन हेतु कलेक्टर भिण्ड के आदेशानुसार दिनांक 23 अप्रैल 2026 को कलेक्टर सभागार में एसडीओपी अटेर प्रतिनिधि पुलिस अधीक्षक भिण्ड रविन्द्र बास्कले, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी भिण्ड अजीम खान, आदिम जाति कल्याण विभाग आर.एन. दोहरे, क्रीडा अधिकारी शा. एमजेएस महाविद्यालय भिण्ड डॉ. बृजमोहन शर्मा, क्रीडा अधिकारी शिक्षा विभाग भिण्ड, सचिव भिण्ड कबड्डी कॉर्पोरेशन रवि गौड, सचिव जिला खो-खो संघ भिण्ड प्रमोद गुप्ता, खेल और युवा कल्याण विभाग के रामबाबू कुशवाह, श्रीमती बृजबाला यादव, संजय पंकज, बलराम सोनी, नीतू सोनी, साधना तोमर, नीरज सिंह बघेल, अनिल श्रीवास, शिवानी सेंगर एवं मुकेश कुमार अर्गल अधिकारी/कर्मचारियों की बैठक लेकर चर्चा कर निर्देश दिये। जिले के समस्त विकासखण्ड एवं जिला मुख्यालय पर आरोह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 05 मई से 05 जून 2026 तक प्रात: 6.00 से 8.00 बजे तक आयोजित किया जावे। आरोह प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षकों की व्यवस्था खेल और युवा कल्याण विभाग/शिक्षा विभाग/खेल संघ/वरिष्ठ खिलाडियों के सहयोग से की जावे।

खेल मैदानों पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था संबंधित नगर पालिका/नगर पंचायत/ग्राम पंचायत के द्वारा की जावे। खेल मैदानों की साफ-सफाई की व्यवस्था संबंधित नगर पालिका/नगर पंचायत/ग्राम पंचायत के द्वारा की जावे। आरोह प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित होने वाले खिलाडियों के प्राथमिक उपचार की व्यवस्था संबंधित सीएमएचओ/बीएमएचओ के द्वारा की जावे।

## व्यापार समाचार

# 25 से 28 रुपये बढ़ जाएंगे पेट्रोल-डीजल के दाम ? पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताई सच्चाई




नई दिल्ली(आरएनएस)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि वर्तमान में चल रहे विधानसभा चुनावों के बाद, देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 25-28 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

इसे फेक न्यूज बताते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की बात कही जा रही है। यह स्पष्ट किया जाता है कि सरकार के समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

इस तरह की खबरें नागरिकों में भय और दहशत पैदा करने के उद्देश्य से फैलाई जाती हैं और ये शरारतपूर्ण और भ्रामक होती हैं। पोस्ट में अंत में लिखा, भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां पिछले चार वर्षों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं हुई है। भारत सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने भारतीय नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय कीमतों में होने वाली तीव्र वृद्धि से बचाने के लिए लगातार कदम उठाए हैं।

इससे पहले दैनिक प्रेस ब्रीफिंग में बुधवार को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है और लोगों से अपील की है कि पेट्रोल-डीजल या गैस की जल्दबादी में खरीदारी न करें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। सरकार के मुताबिक, देश भर में घरेलू एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की 100 प्रतिशत सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है।

23 मार्च 2026 से अब तक 20 लाख से ज्यादा 5 किलो वाले छोटे गैस सिलेंडर (एफटीएल) बेचे जा चुके हैं, जो खासकर प्रवासी मजदूरों के लिए राहत का काम कर रहे हैं। सरकार ने इन सिलेंडरों की सप्लाई भी दोगुनी कर दी है ताकि जरूरतमंदों तक आसानी से गैस पहुंच सके। पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) के विस्तार पर भी तेजी से काम हो रहा है। मार्च 2026 से अब तक करीब 5.10 लाख नए कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं और 2.56 लाख अतिरिक्त कनेक्शन के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो चुका है। इसके अलावा, 5.77 लाख लोग नए कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं। सरकार कंपनियों के साथ मिलकर लोगों को पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

# फास्टैग ऐनुअल पास के नाम पर चल रहा बड़ा फर्जीवाड़ा, तुरंत जान लें एनएचएआई की ये एडवाइजरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। फास्टैग के ऐनुअल पास को लेकर देश भर में एक बड़ा ऑनलाइन स्कैम तेजी से फैल रहा है। इस धोखाधड़ी की गंभीरता को देखते हुए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने आम जनता के लिए एक अलर्ट जारी किया है। जालसाज इस ठगी को अंजाम देने के लिए बिल्कुल असली दिखने वाली फर्जी वेबसाइट्स का सहारा ले रहे हैं। ये ठग इतने शातिर हैं कि पेड एडवर्टाइजमेंट और सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (SEO) ट्रिक्स का इस्तेमाल करके अपनी इन फर्जी वेबसाइट्स को गूगल सर्च रिजल्ट में सबसे ऊपर ले आते हैं। एनएचएआई ने सभी वाहन चालकों को भारी आर्थिक नुकसान से बचने के लिए केवल वेरिफाइड और आधिकारिक प्लेटफॉर्म्स का ही इस्तेमाल करने की सख्त हिदायत दी है।

## संवेदनशील जानकारी मांगकर सीधा ठगों के खाते में जा रहा पैसा

इस स्कैम के तहत जब कोई यूजर इन फर्जी वेबसाइट्स पर पहुंचता है, तो उससे मोबाइल नंबर, गाड़ी के रजिस्ट्रेशन की जानकारी और बैंकिंग से जुड़ी संवेदनशील डिटेल्स मांगी जाती हैं। इन वेबसाइट्स का इंटरफेस इतना असली होता है कि यूजर आसानी से झांसे में आकर पेमेंट कर देता है और सारा पैसा सीधे स्कैमर्स के खाते में पहुंच जाता है। ठगी का शिकार




होने के बाद कई मामलों में तो यूजर को कोई कन्फर्मेशन मैसेज तक नहीं मिलता या फिर उन्हें एक नकली रसीद थमा दी जाती है। इस पूरी प्रक्रिया के बाद भी यूजर के पास कोई वैलिड फास्टैग नहीं रह जाता।

## गृह मंत्रालय की साइबर एजेंसी भी जता चुकी है चिंता

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने भी इस बढ़ते खतरे को लेकर पहले ही चेतावनी जारी कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक जालसाज हाईवे यूजर्स को अपना शिकार बनाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग कर रहे हैं। साइबर ठगों ने अपने काम करने के तरीके को इतना एडवांस कर लिया है कि आम लोगों के लिए पहली नजर में असली और नकली वेबसाइट के बीच अंतर कर पाना लगभग नामुमकिन हो गया है। इसी वजह से लोग आसानी से इस बड़े जाल में फंस रहे हैं।

## फ्रॉड से सुरक्षित रहने के लिए अपनाएं ये जरूरी कदम

एनएचएआई ने लोगों को इस ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए कई जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी है। अथॉरिटी के अनुसार फास्टैग ऐनुअल पास सर्विस के लिए हमेशा 'राजमार्गयात्रा' ऐप जैसे आधिकारिक सोर्स का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इंटरनेट पर सर्च करते समय स्पॉन्सर्ड लिंक या किसी अनजान विज्ञापन पर क्लिक करने से पूरी तरह बचना चाहिए। अपनी कोई भी निजी या पेमेंट डिटेल दर्ज करने से पहले वेबसाइट का यूआरएल दो बार चेक करना बेहद जरूरी है। इसके अलावा किसी भी अनजान पोर्टल पर अपना ओटीपी, कार्ड डिटेल या लॉगिन आईडी बिल्कुल शेयर न करें। यदि कोई भी वेबसाइट आपको संदिग्ध लगती है या बेवजह की परमिशन मांगती है, तो बिना देर किए उसे तुरंत बंद कर देना ही समझदारी है।

# सोना-चांदी खरीदने का शानदार मौका! दामों में आई भारी गिरावट, फटाफट चेक करें भाव

मुंबई(आरएनएस)। सोने और चांदी की शुरुआत शुक्रवार को गिरावट के साथ हुई। दोनों कीमती धातुओं के दाम करीब आधा प्रतिशत तक फिसल गए।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने की शुरुआत अपने पिछले सत्र के बंद 1,51,761 रुपए के मुकाबले 1,51,167 रुपए पर हुई। सुबह 9:40 पर सोने का 05 जून 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 0.47 प्रतिशत या 718 रुपए की कमजोरी के साथ 1,51,043 रुपए पर था। अब तक के कारोबार में सोने ने 1,51,039 रुपए का न्यूनतम स्तर और 1,51,457 रुपए का उच्चतम स्तर बनाया है। वहीं, सत्र में चांदी की शुरुआत पिछले सत्र के बंद 2,41,513 रुपए के मुकाबले 2,39,200 रुपए पर हुई थी। चांदी का 5 मई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 0.35 प्रतिशत या 842 रुपए की गिरावट के साथ 2,40,671 रुपए पर थी। अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,39,200 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,41,382 रुपए का उच्चतम स्तर बनाया है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी में बिकवाली देखने को मिल रही है। खबर खिले जाने तक कॉमेक्स पर सोना 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,684 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.92 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74.81 डॉलर प्रति औंस पर थी।

# एआई के युग में तेजी से गायब हो रही आईटी नौकरियां, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट ने बनाया नई छंटनी का प्लान




नई दिल्ली (आरएनएस)। मेटा और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में भारी निवेश के कारण हजारों आईटी नौकरियों को कम करने की तैयारी कर रही हैं। यह जानकारी कई रिपोर्ट्स में दी गई। मेटा ने अपने इटरनल मेमो में कर्मचारियों से कहा है कि कंपनी की योजना कुल वर्कफोर्स में से करीब 10 प्रतिशत या 8,000 नौकरियों में कटौती है, जो कि 20 मई से शुरू होगी। मार्क जुकरबर्ग के नेतृत्व वाली कंपनी ने अपने व्यापक पुनर्गठन अभियान के तहत लगभग 6,000 रिक्त पदों को न भरने का भी निर्णय लिया है।

दूसरी तरफ, माइक्रोसॉफ्ट ने भी अपने अमेरिकी कर्मचारियों के एक हिस्से को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का प्रस्ताव दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका में लगभग 7 प्रतिशत कर्मचारी इस कार्यक्रम के लिए पात्र हैं, जिससे मौजूदा कर्मचारियों की संख्या के आधार पर लगभग 8,750 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं।

यह पुनर्गठन ऐसे समय में हो रहा है जब दोनों कंपनियां डेटा सेंटर और संबंधित तकनीकों सहित एआई इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च बढ़ा रही हैं। इसके अलावा, माइक्रोसॉफ्ट अपने वैश्विक डेटा सेंटर नेटवर्क का विस्तार कर रहा है, और हाल ही में जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे बाजारों में एआई से संबंधित निवेश की घोषणा की है।

इसी तरह, मेटा ने इस वर्ष रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय का अनुमान लगाया है और हाल के महीनों में एआई भागीदारों के साथ कई अरबों डॉलर के सौदे किए हैं। इसके अलावा, दोनों कंपनियों ने पिछले दो वर्षों में कई चरणों में कर्मचारियों की छंटनी की है, क्योंकि वे एआई में बढ़ते निवेश के साथ लागत संरचनाओं को समायोजित कर रही हैं।

मुख्य मानव संसाधन अधिकारी जेनेल गेल द्वारा जारी मेटा के इंटरनल मेमो में इस कदम को दक्षता उपायों और निवेश संतुलन से जोड़ा गया है।

# अब सस्ती फ्लाइट्स भी खोज कर देगा CHATGPT, जानिए पूरा प्रोसेस

नई दिल्ली (आरएनएस)। ऑनलाइन ट्रैवल सर्च को और आसान बनाने के लिए Sky-scanner ने ChatGPT के साथ साझेदारी की है। इस नई सुविधा के जरिए यूजर्स अब सीधे ChatGPT के अंदर ही फ्लाइट्स सर्च, कीमतों की तुलना और यात्रा का समय चेक कर सकते हैं।यह इंटीग्रेशन खास तौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो ट्रिप प्लान कर रहे हैं या आखिरी समय में सस्ती फ्लाइट ढूंढना चाहते हैं। सबसे खास बात यह है कि यहां दिखाई जाने वाली जानकारी लाइव अपडेट होती है, जिससे यूजर्स को हमेशा ताजा कीमतें और विकल्प मिलते हैं। ChatGPT के जरिए फ्लाइट सर्च करने के लिए यूजर्स को कुछ आसान स्टेप्स फॉलो करने होंगे। सबसे पहले ChatGPT ऐप या वेबसाइट में लॉग-इन करें। इसके बाद मेन्यू में जाकर Apps सेक्शन खोलें और Sky-scanner को एक्टिवेट करें। फिर एक नया चैट शुरू करें और अपनी जरूरत के मुताबिक सर्च लिखें, जैसे—दिल्ली से लंदन के लिए अगले महीने की सबसे सस्ती फ्लाइट बताएं। इसके बाद AI टूल आपको तुरंत कई विकल्प दिखा देगा, जिनमें कीमत, एयरलाइन और यात्रा समय जैसी पूरी जानकारी शामिल होगी।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## धनी लोग और धनी

बुनियादी विकास में निवेश घटने का दुष्प्रभाव गरीब तबकों पर पड़ता है। उधर सरकार जो ऋण लेती है, उस पर दिया जाने वाला ब्याज अंतत: धनी लोगों की जेब में ही पहुंचता है। इससे वे और धनी होते हैं।

साल 2024-25 में भारत सरकार पर देशी ऋण 8.35 और विदेशी कर्ज 9.83 फीसदी बढ़ा। उधर पिछले वित्त वर्ष की तुलना में उसके पूंजीगत खर्च में 0.08 प्रतिशत की गिरावट आई। ये आंकड़ें सीएजी की ताजा रिपोर्ट से सामने आए हैं। स्पष्टत: ऋण बढ़ने का एक प्रमुख कारण पिछले कर्ज (और उस पर ब्याज) को चुकाने के लिए लिया गया नया कर्ज है। कर्ज के बढ़ते बोझ का खामियाजा पूंजीगत व्यय (यानी ठोस विकास कार्यों) को चुकाना पड़ रहा है। यह चिंताजनक रुझान है। ऋण से पूंजी निर्माण या सामाजिक विकास हो रहा हो, तो उस कर्ज की सकारात्मक भूमिका समझी जाती है।

लेकिन ऋण की रकम रोजमर्रा के उपभोग या पिछले ऋण को चुकाने में खर्च हो रही हो, अथवा कर्ज लेकर हुए निवेश के लाभ चंद हाथों में सिमट रहे हों, तो समझा जाएगा कि देश दुर्दशा की तरफ जा रहा है। सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकांटिबिलिटी नाम के गैर-सरकारी संगठन की ताजा रिपोर्ट- 'वेल्थ ट्रैकर इंडिया: 2026' इस बारे में एक महत्त्वपूर्ण जानकारी देती है। इसके मुताबिक 2029 से 2025 की अवधि में भारत के पांच सबसे अधिक समृद्ध परिवारों के धन में 400 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जबकि निचली 50 फीसदी आबादी का धन जहां का तहां रहा।

इतनी बड़ी जनसंख्या के पास देश का महज 6.4 प्रतिशत धन है। गौरतलब है कि पूंजीगत व्यय में गिरावट की सबसे ज्यादा मार इन तबकों पर ही पड़ती है। मानव एवं भौतिक विकास में निवेश घटने का अर्थ है इन तबकों की प्रगति की आस का कमजोर पड़ना। उधर चूंकि सरकार ऋण धनी लोगों के स्वामित्व वाले संस्थानों से ही लेती है, तो उस पर दिया जाने वाला ब्याज उन लोगों की जेब में पहुंचता है। यानी उनका धन और बढ़ता है। वेल्थ ट्रैकर रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि देश के 1,688 अति धनी व्यक्तियों (1000 करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति वाले) पर वेल्थ टैक्स लगा कर सरकार 10 लाख करोड़ रुपये सालाना जुटा सकती है। इससे आम जन के विकास के लिए जरूरी धन का इंतजाम हो सकेगा। मगर ऐसा तब होगा, जब सर्वांगीण विकास सचमुच सरकार की प्राथमिकता होगी!

## (चिंतन-मनन) ईश्वर का स्वरूप क्या है?

पहले अपने स्वरूप को जानों

एक महात्मा से किसी ने पूछा- ईश्वर का स्वरूप क्या है?

महात्मा ने उसी से पूछ दिया-तुम अपना स्वरूप जानते हो?

वह बोला- नहीं जानता।

तब महात्मा ने कहा- अपने स्वरूप को जानते नहीं जो साढ़े तीन हाथ के शरीर में मैं-मैं कर रहा है और संपूर्ण विश्व के अधिष्ठान परमात्मा को जानने चले हो। पहले अपने को जान लो, तब परमात्मा को तुरंत जान जाओगे। एक व्यक्ति एक वस्तु को दूरबीन से देख रहा है। यदि उसे यह नहीं ज्ञान है कि वह यंत्र वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु के सही स्वरूप का ज्ञान कैसे होगा?

अत: अपने यंत्र के विषय में पहले जानना आवश्यक है। हमारा ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा संसार दिखलाता है। हम यह नहीं जानते कि वह दिखाने वाला हमें यह संसार यथावत? ही दिखलाता है या घटा-बढ़ाकर या विकृत करके दिखलाता है। गुलाब को नेत्र कहते हैं- यह गुलाबी है। नासिका कहती है- यह इसमें एक प्रिय सुगंध है। त्वचा कहती है- यह कोमल और शीतल है। चखने पर मालूम पड़ेगा कि इसका स्वाद कैसा है। पूरी बात कोई इंद्री नहीं बतलाती। सब इन्द्रियां मिलकर भी वस्तु के पूरे स्वभाव को नहीं बतला पातीं।

# स्व-जनगणना में बढ़ा जनउत्साह: डिजिटल भागीदारी से आकार ले रहा 'नवा छत्तीसगढ़'

**रमेश जायभाये**

छत्तीसगढ़ के वनांचलों से लेकर शहरों की गलियों तक, अगले कुछ महीनों में एक बड़ा प्रशासनिक और तकनीकी बदलाव दस्तक देने वाला है। भारत की आगामी जनगणना 2027 केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि राज्य के भविष्य की योजनाओं का आधार स्तंभ बनने जा रही है। इस बार की जनगणना अपनी पारंपरिक पहचान को छोड़कर पूरी तरह डिजिटल अवतार में नजर आएगी, जिससे छत्तीसगढ़ के विकास को एक नई गति मिलने की उम्मीद है।

पहली बार डिजिटल अवतार में जनगणना

अब वो दौर गया जब प्रगणक बड़े-बड़े रजिस्टर लेकर घर-घर पहुंचते थे। जनगणना 2027 देश की पहली कागज रहित या डिजिटल जनगणना होगी। छत्तीसगढ़ में इसके लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। प्रगणक अब हाथों में स्मार्टफोन और विशेष रूप से तैयार मोबाइल ऐप लेकर पहुंचेंगे। इस डिजिटल बदलाव का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि बस्तर के सुदूर गांवों से लेकर सरगुजा की पहाड़ियों तक का डेटा रियल-टाइम में सुरक्षित सर्वर पर अपलोड होगा, जिससे इंसानी गलतियों की गुंजाइश कम होगी और डेटा अधिक सटीक रूप में उपलब्ध होगा।

छत्तीसगढ़ में दो चरणों का महाभियान

राज्य में इस महाअभियान को दो प्रमुख हिस्सों में बांटा गया है:

मकानसूचीकरण इसकी शुरुआत 1 मई से 30 मई 2026 के बीच होगी। इससे पहले 16 अप्रैल से स्व-जनगणना की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसे नागरिकों से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।



जनसंख्या गणना: मुख्य जनगणना फरवरी 2027 में होगी, जिसे मार्च 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा।

स्व-जनगणना में बढ़ता उत्साह: नागरिक बन रहे डिजिटल भागीदारइस बार की सबसे बड़ी खासियत स्व-जनगणना है। छत्तीसगढ़ में यह प्रक्रिया शुरू हुए आठ दिन से अधिक समय हो चुका है और लोगों में इसे लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में नागरिक ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कर रहे हैं, अपनी जानकारी भर रहे हैं और सफलतापूर्वक फॉर्म सबमिट भी कर रहे हैं।ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद नागरिकों को एक 'एसई आईडी' प्राप्त होती है। जब प्रगणक घर पहुंचेगा, तो नागरिक केवल यह आईडी साझा कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया कुछ ही मिनटों में पूरी हो जाएगी। यह सुविधा पूरी तरह स्वैच्छिक है। जो लोग ऑनलाइन जानकारी दर्ज नहीं कर पाएंगे, उनके घर प्रगणक जाकर आवश्यक विवरण एकत्र करेंगे।

33 सवालों में छिपी है खुशहाली की चाबी

मकानसूचीकरण के दौरान प्रगणक आपसे 33 मुख्य सवाल पूछेंगे। ये सवाल केवल औपचारिकता नहीं हैं, बल्कि छत्तीसगढ़ की अगली पीढ़ी की जरूरतों को समझने का जरिया हैं। इसमें घर की बनावट, पीने के पानी का स्रोत, बिजली, शौचालय की सुविधा और परिवार के पास मौजूद संसाधनों (जैसे मोबाइल, इंटरनेट, वाहन) की जानकारी ली जाएगी। सरकार इन्हीं आंकड़ों के आधार पर तय करेगी कि प्रदेश के किन इलाकों में नए स्कूल, अस्पताल या सड़कों की जरूरत है।

सुरक्षा और गोपनीयता: आपका डेटा है 'अमानत'

अक्सर लोगों के मन में डेटा की सुरक्षा को लेकर सवाल उठते हैं। लेकिन सरकार ने साफ किया है कि जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत नागरिकों की जानकारी पूरी तरह गोपनीय है। इस डेटा का उपयोग किसी पुलिस जांच, इनकम टैक्स या अदालती कार्यवाही में नहीं किया जा सकता। यह केवल विकास की योजनाएं बनाने के लिए इस्तेमाल होगा।

मैदान में तैनात 62 हजार 'विकास सारथी'

छत्तीसगढ़ जैसे विशाल भौगोलिक क्षेत्र में इस कार्य को अंजाम देने के लिए एक बड़ी प्रशासनिक टीम तैयार की गई है। राज्य के 33 जिलों और 20 हजार गांवों में डेटा जुटाने के लिए लगभग 62,500 अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें 51,300 प्रगणक और 9,000 पर्यवेक्षक शामिल हैं, जिन्हें आधुनिक ऐप चलाने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

आम आदमी के लिए क्यों है जरूरी?

'हमारी जनगणना - हमारा विकास' का संदेश यह बताता है कि यह डेटा आपके हक की लड़ाई लड़ने में मदद करता है। सटीक आंकड़ों से ही छत्तीसगढ़ को केंद्र से मिलने वाले बजट और संसाधनों का सही हिस्सा मिलता है। चाहे वह अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों के लिए विशेष योजनाएं हों या शहरी गरीबों के लिए आवास, सब कुछ इसी गणना पर निर्भर है।प्रशासन ने किसी भी शंका के समाधान के लिए टोल-फ्री नंबर 1855 जारी किया है। याद रखें, जनगणना में आपकी सही भागीदारी ही 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' के सपने को साकार करेगी। अब जबकि स्व-जनगणना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और नागरिक सक्रिय रूप से इसमें भाग ले रहे हैं, यह डिजिटल महाअभियान राज्य के विकास की नई दिशा तय करने की ओर बढ़ रहा है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम: ऐतिहासिक संकल्प, राजनीतिक चुनौतियां और मध्य प्रदेश का विशेष सत्र

**नीलिमा तिवारी**

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक मील का पत्थर माना जा रहा है। यह केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और समावेशी विकास के उस व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसमें देश की आधी आबादी को नीति-निर्माण में बराबरी का अधिकार देने की बात कही गई है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का यह प्रस्ताव लंबे समय से लंबित एक ऐतिहासिक मांग को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट संकल्प और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाई देती है। उनके अनुसार, नारी शक्ति केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत के विकास की आधारशिला है।

महिला आरक्षण का मुद्दा नया नहीं है। वर्ष 1996 से लेकर 2010 तक कई प्रयास हुए, लेकिन राजनीतिक असहमति के कारण यह विधेयक बार-बार अटकता रहा। 2010 में राज्यसभा से पारित होने के बावजूद यह लोकसभा में लंबित रहा। आलोचकों का मानना है कि पूर्व सरकारों के पास अवसर होने के बावजूद ठोस निर्णय नहीं लिया गया। वर्तमान सरकार ने इसे प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ाया, हालांकि विपक्ष ने इसके क्रियान्वयन को परिसीमन प्रक्रिया से जोड़ते हुए समय-सीमा पर सवाल उठाए। यह विवाद दर्शाता है कि बड़े सामाजिक सुधारों के लिए व्यापक राजनीतिक सहमति जरूरी होती है। पिछले एक दशक में महिलाओं के जीवन में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत अभियान और जनधन योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त किया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को इसी परिवर्तन की अगली कड़ी के रूप में देखा जा रहा है।

**मध्य प्रदेश का विशेष सत्र और सक्रिय पहल**

इस संदर्भ में मध्य प्रदेश की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जहां 27 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। यह सत्र राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि महिला सशक्तिकरण केवल नीतिगत घोषणा नहीं, बल्कि व्यवहारिक प्राथमिकता है।

**योजनाओं के जरिए जमीनी सशक्तिकरण**

मध्य प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई व्यापक और प्रभावी योजनाएं लागू की गई हैं, जिन्होंने सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत किया है।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत लगभग 1.26 करोड़ महिलाओं को हर महीने 1500 रूपए की प्रत्यक्ष सहायता मिल रही है। जून 2023 से अब तक 55,000 करोड़ रूपए से अधिक राशि वितरित हो चुकी है, जिससे महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को नई मजबूती मिली है। लाड़ली लक्ष्मी योजना ने बालिका शिक्षा और भविष्य सुरक्षा को बढ़ावा दिया है। अब तक 53 लाख से अधिक बालिकाएं पंजीकृत हुई हैं और लाखों को छात्रवृत्ति का लाभ मिला है। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 62 लाख से अधिक ग्रामीण महिलाएं जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं, जबकि लखपति दीदी पहल के तहत 12 लाख महिलाओं की आय 1 लाख रुपए वार्षिक से अधिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना और मातृशिशु संजीवन अभियान जैसी स्वास्थ्य योजनाओं ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। सामाजिक सुरक्षा के तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना और मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन योजना से लाखों महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई नीति 2025 के तहत निवेश पर 48 प्रतिशत तक अनुदान और स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता दी जा रही है, जिससे महिलाओं की आर्थिक भागीदारी लगातार बढ़ रही है। सुरक्षा और सहायता के लिए राज्य में 57 वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन और सखी निवास जैसी सुविधाएं संचालित हैं, जो संकटग्रस्त महिलाओं को कानूनी, चिकित्सा और आवासीय सहयोग प्रदान करती हैं। आज महिलाएं केवल मतदाता नहीं, बल्कि नीति-निर्माता बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जागरूकता के बढ़ते स्तर ने उन्हें अपने अधिकारों के प्रति अधिक मुखर बनाया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक विधायी सुधार नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक परिवर्तन का संकेत है। यह लोकतंत्र को अधिक समावेशी और संतुलित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि, इसके सामने राजनीतिक चुनौतियां मौजूद हैं, लेकिन मध्य प्रदेश जैसे राज्यों की सक्रिय पहल यह दिखाती है कि महिला सशक्तिकरण अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि नीति और क्रियान्वयन का केंद्र बन चुका है। अंतत:, यह अधिनियम एक विचार है—ऐसा विचार, जो तब पूर्ण होगा जब देश की आधी आबादी निर्णय लेने की प्रक्रिया में बराबरी से भागीदारी करेगी। यही सच्चे अर्थों में लोकतंत्र की सफलता और भारत के समावेशी विकास की पहचान होगी।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। ऑफिस का महत्वपूर्ण कार्य करने में आज बिजी रहेंगे।

वृषभ राशि: वृषभ राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आएंगे।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द की वृद्धि होगी। आज बड़ी जिम्मेदारी निभानी पड़ सकती है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों को आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपनी किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे जिसमें आपको सेलेक्ट कर लिया जाएगा। आज नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे जिससे आपका बिजनेस अच्छे से चले। पुस्तकालय के कारोबारी नई ब्रांच खोलने का मन बना सकते हैं।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। धार्मिक कार्यों में आज आप धन खर्च करेंगे। साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज उनके प्रति लगाव बढ़ेगा। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए आप किसी अच्छी कंसल्टेंट से बातचीत करेंगे।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज जीवनसाथी को उनके मनपसंद चीजों की शॉपिंग करा सकते हैं। संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। माता पिता आज बच्चों का पूरा सहयोग भी करेंगे। ऑफिस में किसी पर निर्भर होकर काम न करें। अपनी इच्छा शक्ति के साथ अपनी भावनाओं में भी सुधार लाने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं। साथ ही बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के डांस में रुचि लेने वाले लोगों को ऊंचाइयों तक पहुंचने का जल्द मौका मिलेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें वरना आपको उलझन होगी और सेहत पर असर पड़ सकता है। आज आपके दोस्त आपसे मुलाकात करने घर आ सकते हैं।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज के दिन आप महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब के लोगों को आज प्रमोशन से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा के छात्र अपनी तैयारी जमकर करें, जल्द ही अच्छे परिणाम हासिल होंगे। ऑफिस में फोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि खराब हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधी समस्या को किसी अच्छे डॉक्टर से चेक कराएंगे। बेवजह की भागदौड़ से आपको थकावट महसूस होगी। बच्चों के साथ आज मनोरंजन करके समय बिताएंगे।

कुंभ राशि: कुंभ राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज आपको परिवर्तन नजर आएंगे। तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे आप आगे बढ़ पाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। आपकी सभी उलझनें आज समाप्त होंगी। कपड़ा व्यापारियों को आज उनकी मेहनत के उपरांत लाभ मिलेगा।

मीन राशि: मीन राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी, आज आपकी पहले से चल रही ईएमआई पूरी होगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी।

# (विचार-मंथन) दीदी जाने वाली है भाजपा आने वाली है?

**( लेखक- सनत जैन**

भारत में आजादी के बाद पहली बार मतदान का एक ऐसा रिकॉर्ड बना है, जो ना भूतो ना भविष्यति की तरह है। प्रथम चरण के मतदान के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दावा किया है, प्रथम चरण की जिन 154 सीटों में जो मतदान हुआ है उसमें बीजेपी 120 सीटों पर जीत रही है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव का नॅरेटिव बनाकर महिला आरक्षण बिल को आधार बनाकर बीजेपी ने चुनाव लड़ा है। चुनाव के दौरान संसद का विशेष सत्र बुलाकर परिसीमन और जनगणना के मुद्दे पर जो संशोधन बिल प्रस्तुत किया था। बिल को महिला आरक्षण से जोड़कर प्रचारित किया गया। महिला आरक्षण बिल अस्तित्व में है। इसके बाद भी जब यह बिल संसद से दो तिहाई बहुमत से पास नहीं हो पाया। उसके बाद भाजपा ने इसे राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन का मुद्दा बनाया। महिला आरक्षण के नाम पर बंगाल और तमिलनाडु में चुनाव प्रचार किया। जो मतदान हुआ है, उस पर भाजपा का दावा है, महिलाओं ने भाजपा के पक्ष में पश्चिम बंगाल में बढ़ चढ़कर मतदान किया है। तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 86 फ़ीसदी रिकॉर्ड मतदान हुआ है। तमिलनाडु में भी महिलाओं ने एनडीए के पक्ष में मतदान किया है, यह दावा भाजपा द्वारा किया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में चुनाव के पहले, इसी तरह का नॅरेटिव बनाकर भाजपा अप्रत्याशित रूप से चुनाव जीतती रही है। इस बार भी भाजपा को भरोसा है, वह पश्चिम बंगाल में पहली बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही हैं। ठीक इसके विपरीत ममता दीदी का दावा है। इस बार महिलाओं ने एसआईआर के नाम पर जिस तरह से करोड़ों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं। तार्किक विसंगति के नाम पर लगभग 64 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अलग किए गए हैं। बंगाल के मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए पिछले 3 महीने से परेशान हो रहे



हैं। किसी भी स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हुई। प. बंगाल के करोड़ों मतदाता इस प्रक्रिया में काफी परेशान थे। अंतोंगत्वा 34 लाख से ज्यादा मतदाताओं को प. बंगाल में मतदान से वंचित रखा गया है। इसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया बंगाल में हुई है। मतदाताओं को अपनी नागरिकता बचाने के लिए जो परेशानी उसे हुई है। बंगालियों को जिस तरह से परेशान किया गया है। उससे नाराज मतदाताओं ने इस बार टीएमसी के पक्ष में मतदान किया है। बंगाली स्मिता और नागरिक अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए कम्युनिस्ट विचारधारा के मतदाताओं ने भी टीएमसी के पक्ष में मतदान किया है। ममता बनर्जी का दावा है, भारी संख्या में जो मतदान हुआ है। वह एसआईआर के विरोध और बंगाली अस्मिता को बचाए रखने के लिए हुआ है। ममता बनर्जी का दावा है, वह भारी बहुमत के साथ चौथी बार अपनी सरकार बनाने जा रही हैं। बंगाल चुनाव पर गहरी नजर रख रहे राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है, इस बार का विधानसभा चुनाव परिणाम आश्चर्यचकित करने वाला होगा। पिछले 15 वर्षों के चुनाव परिणाम को देखने पर स्पष्ट है। कम्युनिस्ट विचारधारा के मतदाता प्रत्येक चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान कर रहे थे। इसका मुख्य कारण कम्युनिस्ट विचारधारा का कमजोर होना और भाजपा द्वारा सुनयोजित रूप से बंगाल में अपनी पकड़ मजबूत करना था। कम्युनिस्ट पार्टी और टीएमसी के बीच में लगातार टकराव बढ़ने का फायदा भाजपा को पिछले 2 लोकसभा और विधानसभा चुनावों में हुआ है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। इस बार मामला उल्टा पड़ता हुआ दिख रहा है। जिस तरह से बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ रही है। जिस तरह से देश में घूसपेठियों के नाम बंगालियों को निशाने पर लिया गया है। उसके कारण बंगाली अस्मिता और एसआईआर के विरोध में पश्चिम बंगाल के मतदाताओं ने भारी मतदान किया है। पश्चिम बंगाल में जिस तरह से चुनाव के पहिले भय का वातावरण, चुनाव के पहले चुनाव आयोग, सुरक्षा बलों एवं हिंदू कट्टरता के नाम पर बनाया गया उससे पश्चिम बंगाल का मतदाता नागरिक अधिकारों को लेकर सजग हुआ है। पहली बार वामपंथी विचारधारा को छोड़कर ममता दीदी के पक्ष में मतदान किया है। पश्चिम बंगाल के इतिहास में ऐसा परिवर्तन पहली बार होता हुआ दिख रहा है। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को पूंजीवादी विचारधारा का समर्थक माना जाता है। पिछले 15 वर्षों में पश्चिम बंगाल में कम्युनिस्ट पार्टी का कमजोर होना पूंजीवादी व्यवस्था का मजबूत होना भाजपा के पक्ष में था। अब, जिस तरह से निम्न वर्ग नागरिकता, बेरोजगारी और महंगाई का सामना कर रहा है, उससे पश्चिम बंगाल का मतदाता भाजपा से भारी नाराज है। प्रथम चरण के मतदान में जिस शांति के साथ भारी संख्या में घरों से निकलकर मतदाताओं ने मतदान किया है। उससे यह संकेत मिल रहा है, इस बार पश्चिम बंगाल में ऐसा कुछ होने जा रहा है, जो भविष्य में प. बंगाल एवं देश की राजनीति को नई दिशा देगा। इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। बांग्लादेश के चुनाव में जिस तरह के हालत थे। बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने जिस तरह से प्रधानमंत्री शेख हसीना के पक्ष में काम किया था। उसके बाद बांग्लादेश में विद्रोह हुआ, शेख हसीना को बांग्लादेश छोड़कर भारत में शरण लेना पड़ी।



# टीएमसी का दीया बुझने वाला..पीएम मोदी ने दमदम रैली से विपक्ष पर साधा निशाना

**-बंगाल को कष्टों से मुक्ति का वादा**

दमदम,(ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रश्चिम बंगाल के दमदम में आयोजित जनसभा में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। दूसरे चरण के मतदान से पहले उन्होंने कहा कि "टीएमसी का दीया अब बुझने वाला है", और राज्य में बदलाव की लहर स्पष्ट दिखाई दे रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि पहले चरण के मतदान ने भाजपा के पक्ष में माहौल बना दिया है और यह "विजय का शंखनाद" है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी ने लोकतंत्र को कमजोर किया है, जबकि जनता अब उसे फिर से स्थापित करने के लिए आगे आ रही है। उन्होंने कहा कि "हर बुझता हुआ दीपक अंत में फड़फड़ाता है, वैसे ही टीएमसी भी बौखलाई हुई है।" पीएम मोदी ने जनता से भाजपा को समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि उनकी सरकार बंगाल को "भय, भ्रष्टाचार और सिंडिकेट राज" से मुक्त कराएगी। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए सुभाष चंद्र बोस के आह्वान का जिक्र किया और इसे "नई क्रांति का समय" बताया, जिसमें जनता का एक-एक वोट निर्णायक होगा।

महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्रमुख मुद्दा बनाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने टीएमसी पर महिलाओं के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप



लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास मॉडल पर काम करती है और हर बेटी के सपनों की रक्षा का संकल्प लेती है। उन्होंने संदेशखाली की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा ने पीड़ित महिलाओं को नेतृत्व का अवसर दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कई योजनाओं का जिक्र करते हुए वादा किया कि राज्य में भाजपा सरकार बनने पर आयुष्मान भारत योजना लागू की जाएगी, जिसके तहत लोगों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को घर और महिलाओं के नाम पर संपत्ति का अधिकार देने की बात कही। ऊर्जा क्षेत्र में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे लोगों का बिजली बिल शून्य हो सकता है और सोलर पैनल लगाने के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी।मध्यम वर्ग को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कर राहत, शिक्षा और आवास सुविधाओं में सुधार का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज 12 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स नहीं है और मेडिकल सीटों में वृद्धि से छात्रों को फायदा मिला है। अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए उनके विजन को आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की विचारधारा में बंगाल की सोच और परंपरा की गहरी झलक है।

## धाम में सरकारी संपत्ति को पहुंचाया गया नुकसान, अराजक तत्वों के खिलाफ सोनप्रयाग में मुकदमा दर्ज

देहरादून(आरएनएस)। केदारनाथ धाम में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कोतवाली सोनप्रयाग में मुकदमा दर्ज किया गया है। यात्रा की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने के प्रयासों के बीच, धाम क्षेत्र में जन-सुविधाओं को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। सुलभ इंटरनेशनल के सुपरवाइजर मिंटू पाठक द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली सोनप्रयाग पुलिस ने मुकदमा दर्ज कराया गया है।तहरीर के अनुसार सेक्टर केदारनाथ, हेलीपैड एवं घोड़ापड़ाव अंतर्गत स्थापित सार्वजनिक शौचालयों में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़फोड़ की गई है। केदारनाथ धाम स्थित हाट बाजार, पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पीछे, पंजाब सिंध भवन के पास और बेस कैंप क्षेत्र में पांच दरवाजे क्षतिग्रस्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त केदारनाथ अंतर्गत विभिन्न सेक्टरों में नल और सिस्टन को भी तोड़ा गया है

## विदेश भेजने के नाम पर अपहरण और करोड़ों की फिरौती का रैकेट बेनकाब

मोहाली/चंडीगढ़, (आरएनएस)। विदेश में नौकरी का झांसा देकर युवाओं के अपहरण और करोड़ों रुपये की फिरौती वसूलने का सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद पंजाब अगेंस्ट करप्शन संस्था ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है।

संस्था के अध्यक्ष सतनाम दाऊँ और सदस्य नवनीत फाजिल्का ने गुरुवार को आरोप लगाया है कि ट्रैवल एजेंटों और अंतरराष्ट्रीय गिरोह की मिलीभगत से पंजाब, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के युवाओं को निशाना बनाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, युवाओं को दक्षिण कोरिया भेजने का लालच देकर उन्हें थाईलैंड और खाड़ी देशों के रास्ते इथियोपिया पहुंचाया गया, जहां एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही उनका अपहरण कर लिया गया। परिजनों को भेजे गए ऑडियो-वीडियो में पीड़ितों के साथ बेरहमी से मारपीट और यातना के दृश्य सामने आए हैं। अपहरणकर्ता प्रति युवक करीब 50 लाख रुपये की फिरौती मांग रहे हैं।

सतनाम दाऊँ ने कहा कि मुख्य आरोपी, जो खुद को खान बाबा बताता है, व्हाट्सएप के जरिए धमकियां देते हुए पैसे की मांग करता है और भुगतान न होने पर हत्या तक की चेतावनी देता है।परिवारों का कहना है कि पुलिस और भारतीय दूतावासों को सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कई परिवार अपने बच्चों को छुड़ाने के लिए भारी रकम चुका चुके हैं, जबकि कुछ युवक अब भी बंधक बने हुए हैं। संस्था ने राज्य सरकार से इंटरपोल की मदद लेने, फर्जी एजेंटों पर सख्त कार्रवाई करने और पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की मांग की है, ताकि और युवाओं को इस जाल में फंसने से बचाया जा सके।

## सुक्खू ने 'ऑटोमेटेड टेस्टिंग' के मुद्दे पर परिवहन ऑपरेटरों को राहत का आश्वासन दिया

धर्मशाला, (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से बस, टैक्सी और ट्रक ऑपरेटरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को कांगड़ा हवाई अड्डे पर मुलाकात की और ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) प्रणाली को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बताया कि मुख्यमंत्री ने ऑपरेटरों की समस्याओं को गंभीरता सेसुना और उन्हें आश्वासन दिया कि फिलहाल कांगड़ा जिले में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) और मोटर वाहन निरीक्षकों (एमवीआई) के माध्यम से वाणिज्यिक वाहनों के मैनुअल फिटनेस परीक्षण की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी।पठानिया ने कहा कि पहाड़ी राज्यों के सामने आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों को देखते हुए इस मामलेको केंद्र सरकार के समक्ष भी उठाया गया है। उन्होंने राज्य के सभी भाजपा सांसदों से इस मुद्दे का समर्थन करने और परिवहन ऑपरेटरों के हित में इसे केंद्र के पास उठाने का आग्रह किया। उन्होंने आगे जानकारी दी कि भारत सरकार ने ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों के माध्यम से वाहन फिटनेस परीक्षण अनिवार्य कर दिया है, जिससे राज्य में कई व्यावहारिक कठिनाइयां पैदा हो रही हैं। इस अवसर पर कांगड़ा जिले के विभिन्न ऑपरेटर संघों के प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें विक्की पठानिया, करतार पठानिया, मेहर सिंह ठाकुर, मोहिंदर सिंह, संजय शर्मा, कार्तिक शर्मा, कुलजीत राणा, निक्का राम, कर्मा, अशोक शर्मा और कपिल शामिल थे।

## योगी आदित्यनाथ सरकार ने जारी किया 250 करोड़ का फंड, अब शिक्षा मित्रों खाते में हर माह जाएगा 18 हजार रुपये

लखनऊ, (आरएनएस)। योगी आदित्यनाथ सरकार ने कैबिनेट में अनुमोदन के बाद प्रदेश के एक लाख 42 हजार शिक्षामित्रों को बढ़ा हुआ मानदेय जारी कर दिया है। सरकार ने हर माह उनके खाते में 18-18 हजार रुपये मानदेय के लिए विभाग को 250 करोड़ रुपये का फंड जारी किया है।योगी आदित्यनाथ सरकार ने मार्च में शिक्षा मित्रों का मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपया किया था। अप्रैल से शिक्षा मित्रों को बढ़ा हुआ मानदेय दिया जाएगा। शिक्षा विभाग ने पहले ही मानदेय बढ़ाने का आदेश जारी कर चुकी है। शिक्षा मित्रों को 11 महीने का वेतन दिया जाता है। सरकार ने जिलेवार जारी फंड की सूची भी जारी की है।परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षामित्रों के लिए बड़ी राहत की खबर है। प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये प्रति माह मानदेय देने के लिए 250 करोड़ रुपये (25,000 लाख) की धनराशि जारी कर दी है। यह भुगतान एक अप्रैल 2026 से लागू होगा।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं के साथ एक विरोध मार्च में भाग लिया

## मैं दिल्ली सिर्फ ताजी हवा के लिए नहीं आया था, बल्कि शीर्ष नेताओं से भी मिला : डीके शिवकुमार

नई दिल्ली/बेंगलुरु, (आरएनएस)। कर्नाटक में सत्तारूढ़ पार्टी में जारी असंतोष के बीच, उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने राजधानी में कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने बैठकों का विवरण साझा करने से इनकार कर दिया और कहा कि वे इसका खुलासा नहीं करेंगे। उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा, मैंने पार्टी नेताओं से मुलाकात की है। मैं अपना काम जारी रखूंगा, लेकिन मैं यह खुलासा नहीं करूंगा कि मैं किन लोगों से मिला हूं। मैं दिल्ली सिर्फ यहां की हवा का आनंद लेने नहीं आया हूं। गुरुवार रात नई दिल्ली में बोलते हुए, शिवकुमार से जब पूछा गया कि क्या वह पार्टी नेताओं को चुनाव रिपोर्ट सौंपेंगे, तो उन्होंने कहा, मैंने चुनाव प्रचार के लिए तमिलनाडु, केरल और असम का दौरा किया। मुझे इन राज्यों में हुए घटनाक्रमों के बारे में अपने नेताओं को जानकारी देनी होगी। पार्टी ने मुझे वहां चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी थी। कर्नाटक में चुनाव कराना केपीसीसी अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री के रूप में मेरा कर्तव्य है, और मैं इसे पूरा करूंगा।राज्य में संभावित बदलावों के बारे में पूछे गए



सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, जिम्मेदारी भरे पद पर रहते हुए क्या मैं मीडिया के सामने ऐसे मामलों पर चर्चा कर सकता हूं? मैं इस बारे में बात नहीं करूंगा। कृपया मुझसे ऐसी जानकारी निकालने की कोशिश न करें। मुस्लिम समुदाय में असंतोष को लेकर विधायकों और मंत्रियों द्वारा मुख्यमंत्री से मुलाकात की खबरों पर उन्होंने कहा, हमें पार्टी स्तर पर कुछ जानकारी मिली है। हम सभी को मिलकर काम करना होगा।

## लोकतांत्रिक परंपरा मजबूत हुई : पश्चिम बंगाल में पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान पर सीजेआई ने जताई खुशी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में गुरुवार को संपन्न पहले चरण के चुनाव में मतदान प्रतिशत 92 फीसदी से अधिक दर्ज किया गया। मतदान प्रतिशत को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने संतोष और खुशी जाहिर की है। सर्वोच्च अदालत ने इसे लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि बड़ी संख्या में लोगों का मतदान में हिस्सा लेना देश की लोकतांत्रिक परंपरा को मजबूत करता है। एक सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत का एक नागरिक होने के नाते मैं मतदान प्रतिशत देखकर बहुत खुश हूं। जब लोग वोट डालते हैं तो लोकतंत्र मजबूत होता है। जब नागरिक अपने वोट की अहमियत समझते हैं, तो वे हिंसा से दूर रहते हैं। इस दौरान जस्टिस बागची ने भी चुनाव प्रक्रिया को लेकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पहले चरण के दौरान किसी बड़ी हिंसक घटना की खबर सामने नहीं आई, जो एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि राजाओं के बीच युद्ध होता है, लेकिन जान आम लोगों की जाती है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी मतदान को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि 92 फीसदी से अधिक मतदान लोकतंत्र के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाता है।

## मुरादाबाद में डंपर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत; 17 घायल

मुरादाबाद,(आरएनएस)। मैनाठेर थाना क्षेत्र में संभल- मुरादाबाद हाईवे पर असदपुर पुलिया के पास शुक्रवार सुबह छह बजे डंपर ने ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी।इस हादसे में ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार अजीत (10), सृष्टि, शांति देवी (55) और सुमन (30) की मौत हो गई जबकि 14 लोग घायल हो गए। हादसे के समय ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार महिलाएं और पुरूष भात न्योत कर अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है।पुलिस के मुताबिक, संभल के कैलादेवी थाना क्षेत्र के भटोला गांव निवासी उषा पत्नी नरेश की बेटी की पांच दिन बाद शादी है।

## नितिन गडकरी और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी, प्रशासन अलर्ट

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र के नागपुर से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट कर केंद्रीय मंत्री Nitin Gadkari और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, दिल्ली के नांगलोई निवासी सुमित कुमार चौहान, जो एक कारोबारी होने के साथ Akhil Bharatiya Hindu Mahasabha से जुड़े बताए जा रहे हैं, 22 अप्रैल को निजी कार्य से नागपुर आए थे। यशवंत स्टेडियम इलाके में रहते हुए उन्होंने फेसबुक पर सनातनी शेर नाम के अकाउंट से अपलोड एक वीडियो देखा, जिसके बाद मामला सामने आया।बताया जा रहा है कि वीडियो में एक व्यक्ति ने नितिन गडकरी और उनके परिवार के खिलाफ अभद्र



भाषा का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही वीडियो में भड़काऊ बयान भी दिए गए, जिनसे धार्मिक भावनाएं आहत होने और सामाजिक तनाव बढ़ने की आशंका जताई गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सुमित चौहान ने धनतोली थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई।

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की पहचान नागपुर निवासी आयुष रमेश चंद्र अग्रवाल के रूप में की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल कर यह वीडियो पोस्ट किया था। पुलिस के अनुसार, वीडियो नागपुर से ही अपलोड किया गया था।

**जांच जारी, अन्य पहलुओं की भी पड़ताल**

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं—खासकर भड़काऊ सामग्री और संभावित साजिश—की गहन जांच की जा रही है।

इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर फैलने वाली आपत्तिजनक और भड़काऊ सामग्री को लेकर एक बार फिर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

## बंद कमरे में मृत मिले प्रेमी-प्रेमिका: गद्दे पर था युवती का शव, युवक इस हाल में मिला; शादीशुदा बताकर लिया कमरा

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। तुगलपुर गांव में किराये के कमरे में सहमति संबंध में रह रहे युवक-युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कमरे से तेज दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। दरवाजा तोड़ने पर युवक का शव पंखे से फंदे के सहारे लटका मिला जबकि युवती गद्दे पर मृत मिली। बताया गया कि कुछ दिनों से दोनों में अनबन चल रही थी। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि युवक ने गला दबाकर युवती की हत्या की फिर फंदा लगा लिया। युवती के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस को अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। देवरिया के आदर्श नगर पिंडी स्थित महल मझरिया निवासी गुड्डू पासवान उर्फ गोलू (27) कुछ माह पहले तक हैदराबाद की कंपनी में काम करते थे। आठ माह से ग्रेटर नोएडा के तुगलपुर गांव में सुरेंद्र नागर के मकान में तीसरी मंजिल पर किराये पर रहकर इलेक्ट्रिशियन का अपना काम कर रहे थे।

गुड्डू के साथ देवरिया निवासी ज्योति (24) भी रहती थीं। वह पांच माह पहले ही ग्रेनो में रहने आई थीं। ज्योति बैक्सन कॉलेज के हाउसकीपिंग विभाग में काम करती थीं। दोनों के साथ रहने की जानकारी उनके परिवार वालों को नहीं थी। गुड्डू एक अप्रैल को घर से हैदराबाद जाने की बात कहकर निकले थे

## 19 साल की बेटी का खौफनाक कांड: मां का सिर काट डाला, फिर कटी गर्दन के साथ पूरी रात छिपी रही

नई दिल्ली (आरएनएस)। असम के पश्चिमी कार्बी आंगलोंग जिले से एक सनसनीखेज और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 19 वर्षीय युवती पर अपनी ही मां की हत्या का आरोप है। घटना डेरामुख लालुंग गांव की बताई जा रही है, जिसने पूरे इलाके में दहशत और हैरानी का माहौल पैदा कर दिया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी युवती ने बुधवार रात करीब 10 बजे घर के भीतर ही अपनी 42 वर्षीय मां पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के दौरान उसने अपने पिता और बहन पर भी हमला किया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

**वारदात के बाद फरार, सुबह हुई गिरफ्तारी**

घटना के बाद युवती मौके से फरार हो गई और कई घंटों तक पुलिस की पकड़ से बाहर रही। गुरुवार सुबह पुलिस ने




उसे तलाश कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि वारदात के बाद उसका व्यवहार असामान्य था, जिससे मामले ने और भी गंभीर रूप ले लिया है।

**जांच में चौंकाने वाले संकेत**

पुलिस को घटनास्थल के आसपास से कुछ ऐसे सामान मिले हैं, जिनमें धारदार औजार और पूजा-पाठ से जुड़ी वस्तुएं शामिल हैं। हालांकि अधिकारियों ने अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है, लेकिन शुरुआती जांच में इस घटना के पीछे अंधविश्वास या जादू-टोने की आशंका जताई जा रही है। इस जघन्य वारदात के बाद पूरे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है, ताकि घटना के पीछे की असली वजह सामने आ सके।

अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का पूरा खुलासा किया जाएगा। फिलहाल बैथालांगसो पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि परिवार में किसी भी तरह के घरेलू झगड़े की बात सामने नहीं आई है। अब पुलिस इस एंगल पर जांच कर रही है कि क्या युवती किसी तांत्रिक क्रिया में शामिल थी या मानसिक रूप से बीमार थी।



*कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की, ताकि बेंगलुरु में रक्षा हवाई अड्डों के आसपास ऊंचाई संबंधी उन प्रतिबंधों पर चर्चा की जा सके, जिनसे निर्माण और विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।*

# अभिनेत्री हंसिका मोटवानी ने याद किए पुराने दिन, इन दो शोज को बताया करियर का टर्निंग पॉइंट



अभिनेत्री हंसिका मोटवानी ने अपनी मेहनत से खुद को स्थापित किया है। बाल कलाकार के रूप में करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री हंसिका मोटवानी ने इंडस्ट्री में काफी समय गुजारा है। अपने सफर को याद करते हुए अभिनेत्री ने एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पॉडकास्ट का क्लिप शेयर किया। इसमें उन्होंने बताया कि वे खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हैं कि उन्होंने बहुत छोटी उम्र से ही काम करना शुरू कर दिया था। अभिनेत्री कहती हैं, मैं इसे ब्लेसिंग ही मानती हूं कि मैं बहुत जल्द ही एक बाल कलाकार बनी। मैं खुद को हमेशा एक बाल कलाकार के तौर पर देखती हूं। मैंने सिर्फ 8 साल की उम्र में ही काम शुरू कर दिया था। इसी वजह से मैं इस इंडस्ट्री से जुड़ गई।उन्होंने आगे कहा कि इस बात का सबसे अच्छा पहलू यह रहा कि उन्होंने इंडस्ट्री को दोनों दौर में देखा। उन्होंने कहा, एक दौर में जब मैगजीन पर कैमरा होता था और आज के डिजिटल युग में, मैं अपने आपको बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे बहुत अच्छे लोग मिले। उस समय टीवी बहुत बड़ा था। डेली सोप्स और किशोरों पर आधारित धारावाहिकों का खूब बोलबाला था।अभिनेत्री ने दो शो का जिक्र किया, जो उनके करियर के लिए बहुत सफल रहे थे। उन्होंने कहा, शाका लाका बूम बूम और दूसरा देश में निकला होगा चांद से मुझे काफी लोकप्रियता मिली थी।

उन्होंने अपनी बात को खत्म करते हुए कहा, मैं खुशकिस्मत थी कि उस दौर में भी मेरे आस-पास हमेशा अच्छे लोग रहे। इन शोज ने मुझे घर-घर में लोकप्रिय बना दिया।हंसिका मोटवानी ने अपने करियर की शुरुआत लोकप्रिय बाल कलाकार के रूप में की थी, जो बाद में दक्षिण भारतीय सिनेमा (तमिल और तेलुगु) की एक प्रमुख अभिनेत्री बन गईं। उन्होंने टेलीविजन शो शाका लाका बूम बूम, देश में निकला होगा चांद और ऋतिक रोशन के साथ फिल्म कोई मिल गया में अभिनय किया।

# भूत बंगला बॉक्स ऑफिसः अक्षय कुमार की 21वीं फिल्म 100 करोड़ी क्लब में शामिल, पीछे छूटे शाहरुख-सलमान

बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करते हुए, भूत बंगला पहले सप्ताह के अंत तक दर्शकों को आकर्षित कर रही है. कॉमेडी और हल्के डरावने सीन के कारण फिल्म को फैमिली ऑडियंस के बीच अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है. अक्षय कुमार और प्रियदर्शन का लगभग 16 साल बाद एक साथ आना भी इस फिल्म की लोकप्रियता का एक बड़ा कारण है. भूत बंगला ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ी क्लब में एंट्री कर ली है और इसी के साथ भूत बंगला अक्षय कुमार के फिल्मी करियर की 21वीं 100 करोड़ी फिल्म बन गई है.

पहले दिन (शुक्रवार) को इसने 12.25 करोड़ रुपये की कमाई के साथ शानदार उछाल दर्ज किया, जिसके बाद सप्ताहांत में भी इसकी कमाई में शानदार वृद्धि हुई. शनिवार को इसने 19 करोड़ रुपये कमाए, जबकि रविवार को 23 करोड़ रुपये की कमाई के साथ पहले वीकेंड का कुल कलेक्शन लगभग 58 करोड़ रुपये तक पहुंच गया. अधिकांश फिल्मों की तरह, पहले सोमवार को इसकी कमाई में गिरावट आई और इसने 6.75 करोड़ रुपये कमाए, लेकिन मंगलवार को इसमें थोड़ी तेजी आई और इसने 8 करोड़ रुपये कमाए.

छठे दिन (बुधवार) को, भूत बंगला ने 6.15 करोड़ रुपये कमाए, जो पिछले दिन की तुलना में 23.1 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है. फिल्म उस दिन भारत में 11,584 शो में प्रदर्शित हुई और दर्शकों की संख्या अच्छी बनी रही. इसके साथ ही, फिल्म का कुल भारतीय नेट कलेक्शन 78.90 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि ग्रॉस कलेक्शन 105.75 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है.

विदेशों में, फिल्म ने छठे दिन 2 करोड़ रुपये की कमाई की, जिससे इसका कुल विदेशी कलेक्शन 33.50 करोड़ रुपये हो गया. घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कमाई को मिलाकर, ग्लोबल कलेक्शन अब 127.37 करोड़ रुपये हो गया है. गौरतलब है कि फिल्म ने रिलीज के सिर्फ चार दिनों के भीतर ही वैश्विक स्तर पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया



था, जो इसकी शुरुआती सफलता का संकेत है.

भूत बंगला अक्षय कुमार के 3 दशक से लंबे करियर की 21वीं 100 करोड़ी फिल्म बन गई है. जबकि सलमान खान 18 फिल्में दे चुके हैं. इस लिस्ट में शाहरुख खान और अजय देगवन एक्टर से बहुत पीछे हैं. हाउसफुल 2, रुस्तम, राउडी राठौड़,जॉली एलएलबी 2, हॉलीडे, टॉयलेट एक प्रेमकथा, एयरलिफ्ट, गोल्ड,हाउसफुल 3, केसरी, 2.0, मिशन मंगल, ओएमजी 2, स्काई फोर्स, केसरी चैप्टर 2, जॉली एलएलबी 3, और सूर्यवंशी शामिल हैं. लेकिन अक्षय कुमार की कोई भी फिल्म आजतक 500 करोड़ रुपये का कलेक्शन नहीं कर सकी है.

धुरंधर 2 से कड़ी टक्कर के बावजूद, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखने में कामयाब रही है. रणवीर सिंह स्टारर एक्शन फिल्म बड़े पैमाने पर बनी है. वहीं भूत बंगला ने अपनी अलग पहचान बनाई है, खासकर उन पारिवारिक दर्शकों के बीच जो हल्के-फुल्के मनोरंजन की तलाश में हैं. रिकॉर्ड की बात करें तो, भूत बंगला ने 2026 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों में तेजी से अपनी जगह बना ली है. सिर्फ छह दिनों में ही यह साल की टॉप फिल्मों में से एक बन गई है.

## फिल्म वीर शिवाजी में रितेश देशमुख-जेनेलिया डिसूजा के बेटे का डेब्यू, ट्रेलर में दिखी झलक

रितेश देशमुख द्वारा निर्देशित और अभिनीत ऐतिहासिक फिल्म वीर शिवाजी चर्चा में है। फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया, जिसमें अभिनेता छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आए। इसमें मराठा योद्धाओं के शौर्य की गाथा को बखूबी पेश किया गया है। एक और कारण है जो ट्रेलर को बेहद खास बनाता है। दरअसल, इस फिल्म से रितेश और जेनेलिया डिसूजा के बेटे ने अपना डेब्यू किया है। उनकी झलक ट्रेलर में दिखती है।वीर शिवाजी के ट्रेलर की शुरुआत में युवा छत्रपति शिवाजी महाराज को दिखाया जाता है, जो स्वराज्य के बारे में बात करते हुए नजर आते हैं। इस किरदार को रितेश और जेनेलिया के 10 साल के बेटे, राहिल देशमुख ने निभाया है, जिनका जन्म 2016 में हुआ था। ट्रेलर में उनकी मासूमिय और अभिनय ने फैंस का मन मोह लिया है। यह उनका फिल्मी दुनिया में पहला कदम है, जो देशमुख परिवार के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।वीर शिवाजी में रितेश और जेनेलिया के अलावा, संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, भाग्यश्री और फरदीन खान जैसे सितारे अहम किरदारों में हैं।

## मनोज बाजपेयी के बर्थडे पर विपुल अमृतलाल शाह की गवर्नर से फर्स्ट पोस्टर आउट, 12 जून को रिलीज होगी फिल्म




विपुल अमृतलाल शाह ने कई लीक से हटकर फिल्में दी हैं और अब वो एक और दिलचस्प प्रोजेक्ट लेकर आने के लिए तैयार हैं. ताजा अपडेट के मुताबिक, उनकी आने वाली फिल्म के पोस्टर्स सामने आ गए हैं, जिसमें फिल्म के नाम के साथ-साथ एक रहस्यमयी सस्पेंस भी नजर आ रहा है. गवर्नर द साइलेंट सेवियर नाम की इस फिल्म ने मनोज बाजपेयी के जन्मदिन के मौके पर अपने पहले पोस्टर के साथ ही लोगों के बीच जबरदस्त उत्सुकता पैदा कर दी है.

बिना ज्यादा कुछ बताए बहुत कुछ कह जाने वाला गवर्नर द साइलेंट सेवियर का यह पहला पोस्टर रिवील कर दिया गया है, जिसे चिन्मय मांडलेकर ने डायरेक्ट किया है. इसमें मनोज बाजपेयी पीछे से नजर आ रहे हैं, जो हाथ में एक सूटकेस लिए कॉरिडोर में चल रहे हैं. इसके साथ ही फिल्म की टैगलाइन है, अगर मैं फेल हुआ... तो इंडिया फेल हो जाएगा, जो एक हाई-वोल्टेज लीगल ड्रामा की तरफ इशारा करती है.

एक दूसरे पोस्टर में, एक हरी कुर्सी को हाईलाइट किया गया है, जिस पर टैगलाइंस लिखी हैं, इंडिया दिवालिया होने की कगार पर है और यह सिर्फ कुर्सी नहीं... ज़िम्मेदारी है, यह देश के इर्द-गिर्द बुनी गई एक गंभीर और गहरी कहानी की ओर इशारा करता है. यह फिल्म विपुल अमृतलाल शाह और मनोज बाजपेयी का पहला साथ काम होगा. जब ये दो नेशनल अवॉर्ड विनर्स एक साथ आ रहे हैं, तो वाकई यह एक अलग तरह का सिनेमाई जादू होने वाला है, जो बड़े पर्दे पर रिलीज के लिए तैयार है. मनोज बाजपेयी के जन्मदिन पर फिल्म का पोस्टर रिलीज होने से यह मौका वाकई और भी खास हो गया है. अपनी बेहतरीन एक्टिंग, जबरदस्त स्क्रीन प्रेजेंस और किरदारों पर अपनी पकड़ के लिए मशहूर मनोज बाजपेयी, इस फिल्म में भी एक यादगार परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं. उन्होंने पहले ही अपनी शानदार एक्टिंग से इंडस्ट्री में एक बड़ा मुकाम हासिल किया है.

## रणबीर कपूर की रामायण अंग्रेजी संस्करण में देगी दस्तक, रिलीज पर आया ये अपडेट

रणबीर कपूर की पौराणिक महाकाव्य रामायण 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से है। फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है और अभिनेता की पहली झलक कुछ दिन पहले जारी हुई थी। कुछ दिन पहले सुपरस्टार यश ने इसकी रिलीज पर कहा था कि यह अक्टूबर, 2026 के आखिरी हफ्ते में आ सकती है। अब, द फिथियन ग्रुप एलएलसी के संस्थापक पार्टनर जॉन फिथियन ने फिल्म के अंग्रेजी संस्करण की रिलीज पर बात की है।

कुछ दिन पहले, जॉन ने लिंक्डइन पर एक पोस्ट साझा करते हुए रामायण की तारीफ की थी और सिनेमाकॉन, 2026 में फिल्म के वैश्विक प्रदर्शन का हिस्सा बनने को याद किया था। जब प्रशंसकों ने उनसे फिल्म के अंग्रेजी संस्करण की रिलीज पर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा, अभी तय नहीं है। अंतरराष्ट्रीय वितरण और मार्केटिंग को लेकर इस हफ्ते बैठकें होंगी। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में यह व्यापक रूप से उपलब्ध होगी। अंग्रेजी संस्करण 8 नवंबर को रिलीज हो सकता है।

जॉन ने पुष्टि नहीं की, लेकिन 8 नवंबर को अंग्रेजी संस्करण रिलीज होने का संकेत जरूर दिया है। यह तारीख फिल्म निर्माताओं द्वारा 2026 की दिवाली पर फिल्म को रिलीज किए जाने की योजना से मेल खाती है।

## अल्लू अर्जुन की राका में कम हुआ दीपिका पादुकोण का रोल? निर्माताओं ने तोड़ी चुप्पी



अल्लू अर्जुन की फिल्म राका अपने ऐलान के बाद से चर्चाओं में बनी हुई है। कुछ दिन पहले निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता की पहली झलक जारी की जिसने लोगों को और उत्साहित कर दिया। हाल ही में खबरें आईं कि फिल्म में मुख्य किरदार निभा रहीं दीपिका पादुकोण की भूमिका को कम किया गया है। इसका कारण उनकी प्रेग्नेंसी को बताया गया, लेकिन इन चर्चाओं पर खुद राका निर्माताओं ने अपनी चुप्पी तोड़ी है।

उन्होंने पुष्टि की, सब कुछ योजना के अनुसार चल रहा है। दीपिका पादुकोण राका में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, और शूटिंग सेट पर भरपूर जोश के साथ सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। बता दें, दीपिका ने 19 अप्रैल को अपने पति रणवीर सिंह के साथ अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था। रिपोर्ट्स में कहा गया कि अभिनेत्री काम से ब्रेक नहीं लेंगी और प्रेग्नेंसी के दौरान काम करती रहेंगी।

के अनुसार, दीपिका राका में कुछ एक्शन से भरपूर दृश्यों की शूटिंग करेंगी। इसके लिए सभी एहतियाती उपाय किए जा रहे हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि एटली के निर्देशन में बन रही यह फिल्म तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही है। फिलहाल राका के अलावा, दीपिका को शाहरुख खान की फिल्म किंग में भी देखा जाएगा। यह एक्शन थ्रिलर इसी साल क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# क्या रोजाना 7-8 घंटे की नींद लेना है जरूरी? जानिए



नींद हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है, जिसे अक्सर हम नजरअंदाज कर देते हैं। कामकाज या अन्य कारणों की वजह से कई लोग पर्याप्त नींद नहीं ले पाते, लेकिन क्या आप जानते हैं कि रोजाना 7-8 घंटे की नींद लेना कितना जरूरी है? यह लेख आपको बताएगा कि क्यों हमें इतनी नींद लेनी चाहिए और इसके क्या फायदे हो सकते हैं। सही मात्रा में नींद लेने से हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं।

### मिलती है भरपूर ऊर्जा

पर्याप्त नींद लेने से हमारे शरीर को ऊर्जा मिलती है। जब हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हमारा शरीर खुद को ठीक कर पाता है और नई ऊर्जा प्राप्त करता है। इससे हम दिनभर ताजगी महसूस करते हैं और हमारी काम करने की क्षमता भी बढ़ती है। इसके अलावा अच्छी नींद लेने से हमारा मूड भी बेहतर रहता है, जिससे हम अधिक सकारात्मक महसूस करते हैं और अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से निभा पाते हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य में सुधार

नींद हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डालती है। जब हम ठीक से सोते हैं तो हमारा दिमाग बेहतर तरीके से काम करता है। इससे हमारी याददाश्त मजबूत होती है और हम अधिक ध्यान केंद्रित कर पाते हैं। इसके अलावा अच्छी नींद लेने से तनाव कम होता है और मन शांत रहता है, जिससे हम अपने विचारों को स्पष्टता से समझ पाते हैं। इस तरह पर्याप्त नींद लेने से हमारा मानसिक स्वास्थ्य सुधारता है।

### रोग से लड़ने की क्षमता बढ़ाना

पर्याप्त नींद लेने से हमारी रोग से लड़ने की क्षमता भी मजबूत होती है। जब हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हमारा शरीर बीमारियों से लड़ने में सक्षम होता है और हम जल्दी ठीक हो पाते हैं। इससे हम स्वस्थ रहते हैं और सकारात्मक महसूस करते हैं। इस तरह पर्याप्त नींद लेना हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है।

### वजन संतुलित रखना

पर्याप्त नींद वजन संतुलित रखने में भी मदद करती है। जब हम ठीक से सोते हैं तो हमारी भूख नियंत्रित रहती है और हम अधिक खाने से बचते हैं। इससे हमारा वजन संतुलित रहता है और मोटापे के जोखिम कम होते हैं। इसके अलावा अच्छी नींद लेने से हमारे शरीर की ऊर्जा का स्तर भी बेहतर होता है, जिससे हम अधिक सक्रिय महसूस करते हैं। इस तरह पर्याप्त नींद लेना हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है।

### लंबे समय तक स्वस्थ रहना

पर्याप्त नींद लेना लंबे समय तक स्वस्थ रहने के लिए बहुत जरूरी है। नियमित रूप से 7-8 घंटे सोने वाले लोग अधिक सक्रिय रहते हैं और उन्हें उम्र संबंधी बीमारियों का खतरा कम होता है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि रोजाना 7-8 घंटे की नींद लेना कितना जरूरी है। इसे नजरअंदाज न करें और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं ताकि आप शारीरिक और मानसिक दोनों ही रूपों में स्वस्थ रह सकें।

# भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहने के लिए अपनाएं ये 5 आसान तरीके



भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहना एक चुनौतीपूर्ण काम हो सकता है। काम की व्यस्तता और समय की कमी के कारण हम अक्सर अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर देते हैं। हालांकि, कुछ आसान और असरदार तरीके अपनाकर आप अपनी दिनचर्या में स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे सुझाव देंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में भी स्वस्थ रह सकते हैं।

### समय पर खाना खाएं

खाने का समय तय करना बहुत जरूरी है। कोशिश करें कि आप हर दिन एक ही समय पर खाना खाएं ताकि आपका पाचन तंत्र सही रहे। सुबह का नाश्ता, दोपहर का खाना और रात का खाना एक ही समय पर खाएं। इससे आपका शरीर समय पर भोजन के लिए तैयार रहेगा और आप अधिक ऊर्जावान महसूस करेंगे। इसके अलावा यह आदत आपको भूख लगने पर तुरंत कुछ भी खाने से भी रोकेगी और आप स्वस्थ रहेंगे।

### पानी पीना न भूलें

भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर लोग पानी पीने का समय नहीं निकाल पाते हैं, जो कि सेहत के लिए बहुत जरूरी है। दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पीना चाहिए। इससे आपका शरीर तर रहेगा और आप तरोताजा महसूस करेंगे। अगर आप ऑफिस या काम के दौरान व्यस्त रहते हैं तो अपने डेस्क पर एक पानी की बोतल रखें और उसे समय-समय पर भरते रहें। इससे आपको याद दिलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### थोड़ा समय निकालकर व्यायाम करें

व्यस्तता के कारण व्यायाम करना मुश्किल हो सकता है, लेकिन यह बहुत जरूरी है। आप सुबह या शाम किसी भी समय 20-30 मिनट की सैर कर सकते हैं या हल्की-फुल्की कसरत कर सकते हैं, जैसे योग या स्ट्रेचिंग। अगर समय की कमी है, तो लंच ब्रेक में थोड़ी देर टहलें या ऑफिस के पास पार्क में जाकर कुछ मिनट टहलें। इससे आपका शरीर सक्रिय रहेगा और मानसिक तनाव भी कम होगा।

### पर्याप्त नींद लें

भागदौड़ भरी जिंदगी में पर्याप्त नींद लेना बहुत जरूरी है। कोशिश करें कि आप हर रात कम से कम 7-8 घंटे की नींद लें, ताकि आपका शरीर पूरी तरह से आराम कर सके। अगर आप देर रात तक काम करते हैं तो सोने से पहले मोबाइल या लैपटॉप का इस्तेमाल न करें क्योंकि इससे आपकी नींद प्रभावित होती है। इसके बजाय किताब पढ़ें या ध्यान लगाएं ताकि आपकी नींद अच्छी हो सके।

### संतुलित आहार अपनाएं

संतुलित आहार आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। अपनी डाइट में फल, सब्जियां, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट शामिल करें ताकि आपका शरीर सभी जरूरी पोषक तत्व प्राप्त कर सके। जंक फूड से बचें और घर का बना खाना ही खाएं ताकि आपकी सेहत बेहतर बनी रहे। इन सरल उपायों को अपनाकर आप अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में भी स्वस्थ रह सकते हैं। इन आदतों को नियमित रूप से अपनाने पर आपका जीवन खुशहाल और सक्रिय रहेगा।

# इजरायल और लेबनान के बीच तीन सप्ताह के लिए बढ़ा युद्धविराम, ट्रंप ने की घोषणा

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल और लेबनान के बीच युद्ध विराम को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाने की घोषणा की। इसके साथ ही इसे एक "ऐतिहासिक" कदम बताया और वाशिंगटन में दोनों पक्षों के बीच संभावित सीधी बातचीत का संकेत दिया। यह फैसला ओवल ऑफिस में हुई एक बैठक के बाद सामने आया, जिसमें दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। अमेरिका में लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवाद और इजरायल के राजदूत येचिएल लीटर बैठक में शामिल थे।ट्रंप ने कहा, "वे तीन सप्ताह के अतिरिक्त युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं, अब और गोलीबारी नहीं होगी। दोनों देशों के नेता आने वाले सप्ताह में वाशिंगटन का दौरा कर सकते हैं।" उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस कदम को "एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक क्षण" बताया और दोनों पक्षों को एक साथ लाने का श्रेय राष्ट्रपति की सीधी भागीदारी को दिया। उन्होंने कहा कि इस विस्तार से दोनों देशों को दीर्घकालिक समाधान खोजने के लिए अवसर मिलेगा।बैठक में उपस्थित



अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि इजरायल और लेबनान दोनों को हिजबुल्लाह को लेकर एक जैसी सुरक्षा चिंता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दोनों देश एक ही आतंकवादी संगठन के शिकार हैं, और आशा व्यक्त की कि युद्धविराम से दोनों देशों के बीच स्थायी शांति स्थापित हो सकती है।

इजरायली राजदूत येचिएल लीटर ने कहा कि इजरायल शांति और नागरिकों की सुरक्षा चाहता है। दोनों सरकारें एकजुट हैं और हिजबुल्लाह के प्रभाव से देश को मुक्त कराना चाहती हैं।" लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवाद ने अमेरिकी समर्थन का स्वागत करते हुए कहा, "आपकी मदद और समर्थन से हम लेबनान को फिर से स्थिर बना सकते हैं।ट्रंप ने युद्धविराम के प्रयास को व्यापक क्षेत्रीय कूटनीति से जोड़ा, जिसमें ईरान से संबंधित अमेरिकी प्रयास भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, "इजरायल-लेबनान वार्ता, उन कुछ मुद्दों की तुलना में आसान होनी चाहिए जिन पर हम काम कर रहे हैं। दोनों पक्ष एक साझा खतरे के खिलाफ एकजुट हैं।" ट्रंप ने दोहराया कि हमले की स्थिति में इजरायल को जवाबी कार्रवाई का अधिकार है। उन्होंने कहा, "इजरायल को अपनी रक्षा करनी होगी और वे करेंगे। कोई भी जवाबी कार्रवाई "सतर्क" और "सटीक" होगी।राष्ट्रपति ने यह भी संकेत दिया कि सऊदी अरब जैसे क्षेत्रीय देश भविष्य की वार्ताओं में भूमिका निभा सकते हैं।

## अमेरिकी सिंगर मैरी ने ट्रंप को दिखाया आईना, भारत और चीन की धरती पूरी दुनिया का पालन-पोषण करती

वाशिंगटन,(ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर बवाल थमता नहीं दिख रहा। जहां पोस्ट में उन्होंने जन्म से मिलने वाली नागरिकता की आलोचना की और इमिग्रेंट्स को लेकर कुछ संगठनों पर निशाना साधा है। ट्रंप ने एक पोस्ट को रीपोस्ट किया था, जिसमें भारत, चीन और कुछ अन्य देशों को नरक जैसी जगहें कहा गया था। जैसे ही ये पोस्ट सामने आई, फिर क्या हंगामा बढ़ा जिसके बाद ट्रंप ने पोस्ट को डिलीट किया। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति के इस कदम पर भारत ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है। अमेरिका में भी उनके पोस्ट को लेकर उन्हें जमकर सुनाया गया। अमेरिकी सिंगर मैरी मिलबेन ने इस पर रिएक्ट किया है।

अमेरिकी सिंगर मैरी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को जवाब दिया है। उन्होंने भारत और एशियाई भाई-बहनों को लेकर दिल छू लेने वाली बात कही है। मिलबेन ने ट्रंप की विवादित पोस्ट पर प्रतिक्रिया देकर कहा कि मेरे भारतीय-अमेरिकी और एशियाई-अमेरिकी भाइयों और बहनों, आप उस चीज का एक अहम हिस्सा हैं जो अमेरिका को महान बनाती है।मिलबेन ने कहा कि भारत और चीन, दो इसतरह के देश हैं जहां मैंने परफॉर्म किया है और जिनकी संस्कृतियों से मुझे गहरा लगाव है। आपकी अमेरिका में सचमुच बहुत कद्र है। आप कोई नरक नहीं हैं।

## अमेरिका ने हिंद महासागर में तैनात किया तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर, मध्य पूर्व में युद्ध की आहट



वॉशिंगटन,(ए.)। मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच अमेरिका की दोहरी रणनीति ने दुनिया को हैरत में डाल दिया है। एक ओर अमेरिकी प्रशासन ईरान के साथ सीजफायर बढ़ाने की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर समुद्र में सैन्य जमावड़ा किसी बड़े हमले की ओर इशारा कर रहा है। ताजा सैन्य गतिविधियों के तहत अमेरिकी नौसेना ने हिंद महासागर और अरब सागर के क्षेत्र में अपनी ताकत को कई गुना बढ़ा दिया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, परमाणु शक्ति संपन्न विमानवाहक पोत यूएसएस जॉर्ज एच.डब्ल्यू. बुश अब हिंद महासागर में तैनात हो चुका है। रणनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस भारी तैनाती का मुख्य उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को ब्लॉक करना है।होर्मुज जाने वाले जहाज अरब सागर से ओमान की खाड़ी होते हुए फारस की खाड़ी में प्रवेश करते हैं। इस मार्ग पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए अब अमेरिका के पास क्षेत्र में एक साथ तीन एयरक्राफ्ट कैरियर मौजूद हैं। इराक और अफगानिस्तान युद्ध के बाद यह पहला अवसर है जब अमेरिकी नौसेना ने एक साथ इतनी बड़ी मारक क्षमता इस इलाके में झोंकी है। वर्तमान में यूएसएस अब्राहम लिंकन अरब सागर में मोर्चा संभाले हुए है, जबकि दुनिया का सबसे आधुनिक युद्धपोत यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड लाल सागर में सक्रिय है। अब तीसरे कैरियर की एंट्री ने अमेरिकी सैन्य शक्ति को चरम पर पहुंचा दिया है। यूएसएस जॉर्ज बुश के साथ मिसाइलों से लैस डेस्ट्रॉयर यूएसएस मेसन, यूएसएस डोनाल्ड कुक और यूएसएस रॉस जैसे युद्धपोत भी चल रहे हैं।

## ट्रंप ने परमाणु हमले की संभावना को नकारा, ईरान से कहा- समय कम होता जा रहा

वाशिंगटन,(आरएनएस.) । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्धविराम का समय बढ़ाने के बाद ईरान को एक बार फिर चेतावनी दी कि उसके पास समय बहुत कम बचा है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने युद्ध में परमाणु हमले की संभावना को भी नकार दिया, उनका दावा किया है कि वाशिंगटन पारंपरिक साधनों से ईरान को भारी नुकसान पहुंचा चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी को भी परमाणु हथियार इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए।

राष्टपति ट्रंप ने ईरान के साथ समझौते से जुड़े सवाल पर कहा, समय तेज़ी से बीत रहा है! अमेरिका युद्ध समाप्त करने की जल्दी में नहीं है, लेकिन ईरान पर दबाव बढ़ता ही जाएगा। अमेरिका के पास दुनिया का सारा समय है, लेकिन ईरान के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि 2 सप्ताह के युद्धविराम में ईरान ने अपनी सेना के कुछ हिस्सों का पुनर्निर्माण करने का प्रयास किया होगा, लेकिन ऐसी बहाली शीघ्र ही विफल हो सकती है।

ट्रंप से पत्रकारों ने पूछा कि क्या वह ईरान के खिलाफ परमाणु हथियार का इस्तेमाल करेंगे, तो उन्होंने कहा, मैं परमाणु हथियार का इस्तेमाल क्यों करूंगा? हमने बिना परमाणु हथियार के ही उन्हें पूरी तरह से, बहुत ही पारंपरिक तरीके से, नष्ट कर दिया है। उन्होंने आगे कहा, नहीं, मैं इसका इस्तेमाल नहीं करूंगा। किसी को भी परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए।

## रिपोर्ट- पाक के बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सिर्फ 3.6 फीसदी

### -अगर लैंगिक अंतर कम हो जाए, तो बढ़ सकती है 30 फीसदी तक जीडीपी

इस्लामाबाद,(ए.)। पाकिस्तान की आबादी का करीब आधा हिस्सा महिलाएं हैं, लेकिन काम करने की उम्र वाली महिलाओं में से सिर्फ हर चार में से एक ही काम करती है, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा पांच में से चार का है। यह जानकारी करांची स्थित अखबार में प्रकाशित एक लेख में दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जो महिलाएं काम करती हैं, उनमें से ज्यादातर कृषि क्षेत्र में हैं, जबकि 15 फीसदी से भी कम महिलाएं औपचारिक नौकरी में हैं। बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में महिलाओं की हिस्सेदारी सिर्फ 3.6 फीसदी है, जो दिखाता है कि वे देश के औद्योगिक विकास से काफी हद तक बाहर हैं।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में महिलाओं की औद्योगिक क्षेत्र में भागीदारी कई पुरानी समस्याओं के कारण सीमित है। इनमें शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण की कमी, महिलाओं द्वारा चलाए जाने वाले व्यवसायों के लिए वित्त तक सीमित पहुंच और कार्यस्थलों पर सुरक्षा, लचीलापन, चाइल्डकेयर और उत्पीड़न से सुरक्षा की कमी शामिल है। इन समस्याओं को सामाजिक मान्यताएं और भी बढ़ा देती हैं, जो महिलाओं की आवाजाही को सीमित करती हैं और उन्हें घर के बाहर काम करने से हतोत्साहित करती हैं।

## मोजतबा खामेनेई के पैर के 3 ऑपरेशन हुए, चेहरा जला; प्लास्टिक सर्जरी हो सकती है

तेहरान,,(आरएनएस.) अमेरिकी हमले में घायल होने के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई अब तक सार्वजनिक तौर पर देखे नहीं गए हैं। उनके स्वास्थ्य को लेकर अटकलों के बीच दावा किया गया है कि वे अभी भी घायल हैं और उनकी बातचीत करने की क्षमता सीमित है। उनके पैर और हाथ की सर्जरी हुई है। हालांकि, इस बीच उन्होंने संदेश जारी कर देशवासियों से एकता बनाए रखने का आह्वान किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, मोजतबा के एक पैर का 3 बार ऑपरेशन हो चुका है और अब वे उसके लिए कृत्रिम अंग का उपयोग करेंगे। उनके हाथ की भी सर्जरी हुई है और वह धीरे-धीरे फिर से काम करने लगा है। उनके चेहरे और होंठ बुरी तरह जल गए हैं, जिसके कारण उन्हें बोलने में परेशानी होती है। अधिकारियों ने बताया है कि उन्हें शायद प्लास्टिक



सर्जरी की भी जरूरत पड़ सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मोजतबा शासन चलाने के लिए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनरलों की सलाह पर निर्भर हैं और सभी मिलकर सामूहिक रूप से निर्णय लेते हैं। मोजतबा के करीबी अब्दोलरेजा दावरी ने कहा, मोजतबा देश का शासन ऐसे चला रहे हैं, मानो वे किसी बोर्ड के निदेशक हों। वे बोर्ड के सदस्यों की सलाह और मार्गदर्शन पर बहुत अधिक निर्भर रहते हैं, और वे सभी मिलकर सामूहिक रूप से सारे निर्णय लेते हैं।4 वरिष्ठ ईरानी अधिकारियों ने बताया कि मोजतबा गंभीर रूप से घायल हो गए थे, लेकिन वे मानसिक रूप से सक्रिय हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, उनके भेजे गए संदेश हाथ से लिखे होते हैं, लिफाफों में बंद होते हैं और कारों और मोटरसाइकिलों पर सवार होकर एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाए जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, अधिकारी उससे मिलने नहीं जाते, क्योंकि उन्हें डर है कि इजरायल उनका पता लगाकर मार सकता है।

मोजतबा ने अपने संदेश में कहा कि ईरानियों की एकता ने विरोधियों को कमजोर किया है और आंतरिक एकता को मजबूत किया है। उन्होंने दुश्मन मीडिया द्वारा जनमत को निशाना बनाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ चेतावनी भी दी और जनता से सतर्क रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमारी लापरवाही कहीं इस नापाक इरादे को सफल न होने दे। देशवासियों के बीच बनी एकता के कारण दुश्मन के खेमे में फूट पड़ गई है।

28 फरवरी को अमेरिकी-इजरायली हमले में आयातुल्लाह अली खामेनेई का निधन हो गया था। इसी हमले में मोजतबा भी घायल हुए थे। इसके बाद 8 मार्च को उन्हें ईरान का नया सुप्रीम लीडर चुना गया। तब से मोजतबा सार्वजनिक रूप से नहीं दिखाई दिए हैं। 12 मार्च को सरकारी टीवी पर मोजतबा का एक संदेश प्रसारित हुआ था, लेकिन ये पहले से रिकॉर्ड किया गया था।

# खेल समाचार

## मैंने वानखेड़े में इतना पीला रंग कभी नहीं देखा: संजू सैमसन



मुंबई (ए) विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अपने करियर के बेहतरीन दौर से गुजर रहे हैं। भारतीय टीम को टी20 विश्व कप 2026 का चैंपियन बनाने में बल्ले से यादगार भूमिका निभाने वाले सैमसन आईपीएल 2026 में भी सीएसके के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और टीम को अकेले दम जीत दिला रहे हैं। गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ नाबाद शतक लगाकर संजू ने सीएसके को 103 रन से जीत दिलाने में बड़ा योगदान दिया। संजू सैमसन को उनकी बेहतरीन शतकीय पारी के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। मैच के बाद इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, मुंबई के खिलाफ वानखेड़े में सेंचुरी बनाकर सच में बहुत अच्छा लग रहा है। यह मेरे और टीम के लिए खास पल है। आजकल मैंने चीजों को बहुत सिंपल रखा है। मैं बस स्थिति देखकर बल्लेबाजी कर रहा हूं। विकेट नॉर्मल नहीं था। गेंद इधर-उधर स्विंग हो रही थी, थोड़ी रुक रही थी। वहां से मुझे लगता है कि यह अंदाजा लगाना कि टीम क्या मांग रही है, इससे स्पष्टता मिलती है।सैमसन ने कहा, पावरप्ले के बाद मुझे पिच का अंदाजा हो गया था। पारी के दौरान हम लगातार विकेट खो रहे थे। इसलिए मैंने सोचा कि एक सेट बल्लेबाज का आखिर तक टिके रहना जरूरी है। मैंने यही कोशिश की। गेम आपको बताता है कि क्या करना है। आपको पहले से बनी सोच के साथ आने की जरूरत नहीं है या आपको पहले से यह बताने की जरूरत नहीं है कि मैं ऐसे खेलता हूं या मैं यही करना चाहता हूं। इसलिए मेरे पास जो अनुभव है, उसके मुताबिक मैं टीम हित में खेलता हूं। हमारे लिए पारी को सच में अच्छे से खत्म करना बहुत जरूरी था।

## आईपीएल में आज होगा पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स का मुकाबला करेगी। इस मैच में दिल्ली का प्रयास जहां जीत दर्ज कर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखना रहेगा। वहीं दूसरी ओर अंक तालिक में नंबर एक चल रही पंजाब किंग्स अपनी जीत के अभियान हो जारी रख प्लेऑफ की ओर कदम बढ़ाने उतरेगी। पंजाब ने अब तक अपने सभी मैच जीते हैं और वह 11 अंक लेक तालिक में नंबर एक स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर दिल्ली केवल तीन मैच जीतने के साथ ही छठे स्थान पर है। ऐसे में इस मैच में भी पंजाब जीत की प्रबल दावेदार रहेगी। उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दिल्ली से काफी अच्छी रही है। करना होगा।

## आईपीएल में आज होगा रॉयल्स और सनराइजर्स के बीच मुकाबला




जयपुर (ए.)। राजस्थान रॉयल्स की टीम शनिवार को अपने घरेलू मैदान पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करने। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरा जोर लगा देंगी। राजस्थान को हालांकि घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा।राजस्थान रॉयल्स की टीम में कप्तान रियान पराग के अलावा यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी जैसे बल्लेबाज हैं। टीम के पास रविंद्र जडेजा जैसा ऑलराउंडर हैं। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद टीम के पास कप्तान ईशान किशन के अलावा अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन जैसे आक्रामक बल्लेबाज , हैं। गेंदबाजी की बात करें तो रॉयल्स के पास जोफ्रा आर्चर और रवि बिश्नोई जैसे गेंदबाज वहीं सनराइजर्स के पास हर्ष दुबे, साकिब हुसैन जैसे गेंदबाज हैं।

सनराइजर्स की बल्लेबाजी की ताकत उनके शीर्ष क्रम में है, जहां ईशान और क्लासेन पहले ही कई मौकों पर आक्रामक प्रदर्शन कर चुके हैं। हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शतक लगाने वाले अभिषेक और हेड भी तेज शुरुआत देने की कोशिश करेंगे।प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन दोनों ने रॉयल्स के खिलाफ अपने आईपीएल पदार्पण में चार-चार विकेट लिए, लेकिन सनराइजर्स की गेंदबाजी अपेक्षाकृत अनुभवहीन है। टीम कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में संघर्ष कर रही है, हालांकि हाल के मैचों में कुछ सुधार देखने को मिला है।जयपुर के इस मैदान पर अधिकतर मैच लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमें जीतती रही हैं ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना चाहेगी। अब तक दोनो बीच 22 मुकाबले हुए हैं जिसमें से राजस्थान रॉयल्स ने 9 जबकि सनराइजर्स हैदराबाद ने 13 मैच जीते हैं1

### दोनो ही टीमों की संभावित अंतिम ग्यारह

राजस्थान रॉयल्स : यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, शिमरोन हेटमायर, रविंद्र जडेजा, डोनोवन फरेरा, जोफ्रा आर्चर, नंद्रे बर्गर, बृजेश शर्मा, रवि बिश्नोई। इम्पैक्ट प्लेयर- शिवम दुबे।

सनराइजर्स हैदराबाद : ईशान किशन (कप्तान), हेनरिक अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, क्लासेन, साहिल अरोड़ा (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवांग कुमार, हर्ष दुबे, साकिब हुसैन प्रफुल्ल हिंगे। इम्पैक्ट प्लेयर: ईशान मलिंगा।

## नजमुल हुसैन शांतो ने जड़ा न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला वनडे शतक, जानिए उनके आंकड़े

नईदिल्ली, (ए)। बांग्लादेश क्रिक्रेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिक्रेट टीम के बीच तीसरे वनडे मुकाबले में नजमुल हुसैन शांतो ने शानदार शतकीय पारी (105) खेली। ये उनके वनडे करियर का चौथा और कीवी टीम के खिलाफ पहला ही शतक रहा। साल 2024 के बाद शांतो के बल्ले से निकला ये पहला वनडे शतक है। पिछले वनडे में ये खिलाड़ी 50 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गया था। ऐसे में आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डाल लेते हैं।

शांतो ने मैच में 119 गेंदों का सामना किया और 105 रन बनाए। उनके बल्ले से 9 चौके और 2 छक्के निकले थे। उनकी स्ट्राइक रेट 88.24 की रही। एक समय बांग्लादेश के 3 बल्लेबाज सिर्फ 32 रन पर पवेलियन लौट गए थे। यहां से इस खिलाड़ी ने लिटन दास के साथ मिलकर पारी संभाली। दोनों के बीच 178 गेंदों में 160 रन की बेजोड़ साझेदारी हुई। तौहीद हिरदॉय के साथ इस खिलाड़ी ने 29 गेंदों में 29 रन जोड़े।

शांतो ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला वनडे मुकाबला साल 2023 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 9 वनडे मुकाबले खेले हैं और इसकी 9 पारियों में 55.28 की उम्दा औसत के साथ 387 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से एक शतक के अलावा 4 अर्धशतक भी निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर इसी मुकाबले में आया। अपने वनडे करियर में इस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा रन इसी टीम के खिलाफ बनाए हैं।

बांग्लादेश में शांतो के बल्ले से निकला यह दूसरा शतक है। उन्होंने अपनी घरेलू सरजमीं पर पहला वनडे मुकाबला 2020 में खेला था।

## शुरुआती विकेट गंवाना बना हार का कारण : पांड्या

मुम्बई ( ए.)। मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मिली हार पर निराशा जतायी है। मुम्बई की ये लगातार पांचवीं हार है। इसके लिए पांड्या ने टीम की खराब बल्लेबाजी पर निराशा जतायी है। उनका कहना है कि पावरप्ले में ही शुरुआती विकेट गिरने से मुम्बई को नुकसान हुआ। सीएसके की जीत में संजू सैमसन के शतक के साथ ही स्पिनर अकील हुसैन की घातक गेंदबाजी की भी अहम भूमिका रही है। सीएसके के हाथों मुम्बई को 103 रनों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। इस जीत से जहां सीएसके छह अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है, वहीं मुंबई इंडियंस चार अंकों के साथ आठवें स्थान पर फिसल गई है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके ने सैमसन के नाबाद 101 रनों की पारी से 20 ओवर में 6 विकेट पर 207 रन बना दिये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए।

## कंबोज, प्रिंस जैसे गेंदबाज राउंड द विकेट गेंदबाजी कर बल्लेबाजों पर बना रहे दबाव

मुम्बई (ए.)। इंडियपन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में युवा क्रिकेटरों ने कई प्रचलित धारणाओं को पीछे छोड़ दिया है। अंशुल कंबोज, प्रिंस यादव और विजयकुमार युवा गेंदबाजों ने दिखाया है कि कैसे राउंड द विकेट गेंदबाजी कर बल्लेबाजों पर कैसे दवाब बनाया जा सकता है। वहीं आम तौर पर माना जाता है कि दायें हाथ के बल्लेबाज को ओवर द विकेट गेंदबाजी की जाती है। इस सत्र में डेथ ओवर्स के दौरान 'राउंड द विकेट' आना एक बड़ी रणनीति बनकर उभरा है। राउंड द विकेट के दौरान गेंदबाज एक ऐसा कोण बनता है जिससे कि बल्लेबाज के पास शॉट खेलने के लिए पूरी जगह नहीं बचती है। अगर बल्लेबाज ऑफ-स्टंप की तरफ बढ़ता भी है, तो भी गेंदबाज के पास गेंद को और बाहर की तरफ स्विंग कराने या 'कटर' कराकर उसे आउट करने का अवसर रहता है। इसी कौशल का कंबोज, प्रिंस और विजयकुमार ने काफी अच्छा



इस्तेमाल किया है। इन गेंदबाजों ने राउंड द विकेट से फेंकी गई सटीक यॉर्कर से बल्लेबाज को खेलने का कोई अवसर नहीं दिया है।इस सत्र के आंकड़े बताते हैं कि डेथ ओवर्स में राउंड द विकेट गेंदबाजी करते समय दाएं हाथ के तेज गेंदबाजों का इकोनॉमी रेट 8.4 रहा है, जबकि ओवर द विकेट यह 10.2 तक जा रहा है। इसका कारण बल्लेबाज की पहुंच को सीमित करना है। जब गेंदबाज राउंड द विकेट आता है, तो वह 'वाइड यॉर्कर' और भी सटीक फेंकता है जिससे बल्लेबाज के लिए उस कोण से आती गेंद को डीप मिड-विकेट या लॉन्ग-ऑन पर खेलना मुश्किल हो जाता है। इसका कारण है कि गेंद बल्लेबाज के शरीर से दूर जा रही होती है।वहीं नियमों के अनुसार ऑफ-साइड की वाइड लाइन से बल्लेबाजों के लिए असानी होती है पर राउंड द विकेट गेंदबाजी करते समय, गेंदबाज इस लाइन का बेहतर इस्तेमाल कर बल्लेबाज को घेर लेते हैं। इस सीजन में करीब 35 फीसदी विकेट डेथ ओवर्स में 'वाइड ऑफ द क्रीज' जाकर राउंड द विकेट पर मिले हैं. यह दर्शाता है कि गेंदबाज अब बल्लेबाजों को गेंद खेलने के लिए बाहर आने पर मजूबर कर रहे हैं। इससे साफ है कि अब गेंदबाज जान ये हैं कि विकेट केवल रफ्तार से नहीं सही कोण पर गेंद फेंकने से मिलेंगे।

## 53 के हुए सचिन को मिली बधाईयां हजारों करोड़ की संपत्ति के हैं मालिक

मुम्बई (ए.)। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर आज 53 साल के हो गये। इस अवसर पर उन्हें प्रशंसकों के साथ ही खेल जगत से भी बधाईयां मिल रही हैं। सचिन का क्रिकेट करियर इतना सुनहरा रहा है कि उनको क्रिकेट का भगवान तक कहा जाता है जिस प्रकार की लोकप्रियता उन्हें हासिल हुई है वैसी किसी अन्य क्रिकेटर को नहीं मिली है। अपने दो दशक से अधिक के क्रिकेट करियर में सचिन ने हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति भी अर्जित की है। उन्होंने 16 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से करीब 40 साल की उम्र तक भारतीय क्रिकेट को सेवाएं दी।

# मीडिया और प्रशासन मिलकर जिले में सकारात्मक माहौल पर कार्य करेंगें-कलेक्टर सोमेश मिश्रा

***कलेक्टर ने कहा सुशासन नागरिक सेवा सुदूर क्षेत्रों में प्रशासकीय पहुंच को रखा जाएगा सर्वोपरि***

***पत्रकार परिचर्चा में, पर्यटन, कृषि, पर्यावरण व नवाचार और विकास पर हुई विशेष चर्चा***



नर्मदापुरम (निप्र)। नवागत कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने पत्रकारों से प्रथम मुलाकात में पत्रकार से परिचर्चा करते हुए प्रशासन और मीडिया मिलकर जिले में सकारात्मक माहौल बनाने में योगदान देंगे। कलेक्टर ने जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया के पत्रकारों के साथ परिचर्चा कर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सुशासन तथा नवाचारों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को सुदूर क्षेत्रों एवं अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। कलेक्टर ने पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि वे बेबाकी से अपनी बात रखें। प्रशासन का सदैव प्रयास रहेगा कि पत्रकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। उन्होंने जिले के सर्वांगीण विकास के लिए पत्रकारों से सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान भी किया।परिचर्चा के दौरान कलेक्टर ने पत्रकारों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने बताया कि जिले में पर्यटन विकास के लिए कार्ययोजनाएं तैयार की जाएंगी, जिसमें पत्रकारों के सुझावों को भी महत्व दिया जाएगा। इसके साथ ही कृषि विकास एवं कृषि से संबंधित नवाचारों पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अनेक नवाचार करने के प्रयास किए जाएंगे जिसमें पहला नवाचार सोमवार से करने की बात कही। परिचर्चा में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन एवं संभागीय जनसंपर्क अधिकारी रश्मि देशमुख सहित बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार व जनसंपर्क के कर्मचारी शामिल रहे।

## एसडीएम पिपरिया ने निरीक्षण कर स्वास्थ्य, आंगनवाड़ी एवं निर्माणाधीन सड़क की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नर्मदापुरम (निप्र)। एसडीएम पिपरिया आकिप खान द्वारा तहसील पिपरिया के ग्राम तरोन कलां एवं खैरी कलां में औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर वहां उपस्थित मरीजों से उपचार एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।इसके पश्चात आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए एसडीएम ने टीकाकरण के लिए आई महिलाओं से आंगनवाड़ी द्वारा प्रदाय पोषण सामग्री एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने एवं हितग्राहियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री खान ने तरोन कलां से खैरी कलां के मध्य निर्माणाधीन सड़क का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग (PWD) के एसडीओ से निर्माण कार्य की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को सड़क के आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाने हेतु समझाइश भी दी, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।




## सांसद माया नारोलिया के निवास पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, कार्यकर्ताओं में उत्साह

**कार्यकर्ताओं से किया सीधा संवाद, सांसद निवास पर हुआ आत्मीय स्वागत**



नर्मदापुरम (निप्र)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल प्रवास के दौरान नर्मदापुरम पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया के निवास पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की एवं भोजन प्राप्त किया।सांसद निवास पहुंचने पर श्री खंडेलवाल का आत्मीय स्वागत किया गया। उन्होंने सांसद के परिवारजनों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना और सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा की। इस दौरान सांसद माया नारोलिया ने प्रदेश अध्यक्ष का शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर पारंपरिक रूप से अभिनंदन किया।प्रदेश अध्यक्ष के आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता सांसद निवास पर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ अपने प्रदेश मुखिया का स्वागत किया। श्री खंडेलवाल ने संजीदगी दिखाते हुए एक.एक कर सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया और उनके साथ संगठनात्मक विषयों पर अनौपचारिक चर्चा की।इस मुलाकात को केवल एक शिष्टाचार भेंट ही नहीं, बल्कि आगामी सांगठनिक कार्यों की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के सहज व्यवहार और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद ने स्थानीय टीम में नई ऊर्जा का संचार किया है। इस अवसर पर नर्मदापुरम विधानसभा के विधायक डॉ सीतासरन शर्मा जिलाध्यक्ष भाजपा प्रीति शुक्ला, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया प्रांशु राने सचिन तोमर योगेंद्र सोलंकी, अमित नायक युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल गोलू तिवारी अभिषेक कनोजिया उमेश गोस्वामी ऋषभ शुक्ला विशाल दीवान सहित कार्यकर्तागण एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

# महानाट्य डॉ हेडगेवार का मंचन नाटक की जीवन्त प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



नर्मदापुरम (निप्र)। संघ शताब्दी वर्ष एवं राष्ट्रगीत वन्देमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने उपलक्ष्य में हुआ महानाट्य डॉ हेडगेवार का मंचन नाटक की जीवन्त प्रस्तुति ने दर्शकों को 2.30 घंटे तक बांधे रखानिकुम सोशल कल्चरल एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा संघ शताब्दी वर्ष एवं राष्ट्रगीत वन्देमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को नर्मदा महाविद्यालय सभागार में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य प्रबंधक अभिषेक सैनी ने बताया कार्यक्रम की शुरुआत में सामूहिक राष्ट्रगीत वन्देमातरम का गायन हुआ। उसके बाद डॉ केशवराव हेडगेवार की जीवनी एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना एवं संघ के शुरूआती दौर के ऊपर महानाट्य डॉ हेडगेवार एक व्यक्ति एक विचार एक युग पार्ट-1 का मंचन जन सेवा शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्था भोपाल के कलाकारों ने किया। नाटक में अभिनेताओं के जीवन्त अभिनय एवं तकनीकी रचनात्मकता की युति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटक का लेखन एवं निर्देशन गुलशन कुमार कावड़े द्वारा किया गया है एवं संगीत निर्देशन गायन शाहिर प्रसाद विभूते ने किया। संयोजन सचिन मलैया द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मति माया नारोलिया रही एवं नगरपालिका अध्यक्ष मति नीतू महेन्द्र यादव सह प्रांत प्रचारक सुरेंद्र सिंह विभाग प्रचारक नरेंद्र यादव संस्कार भारती मध्यभारत प्रांत सह महामंत्री कृष्ण गोपाल पाठक विभाग कार्यवाह देवी सिंह मीणा विभाग संपर्क प्रमुख डॉ अतुल सेठा, जिला सह कार्यवाह योगेश पवार, नगर कार्यवाह विकेश राजपूत विभाग प्रचार प्रमुख संतोष नूरिया मति दुर्गा भदौरियाए श्रीमति चित्रा हरणे डॉ हर्षल कावरे आशीष चटर्जी, कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक सैनी, संजय श्रोती, संजय पटेल, नितिन रोहर एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नाटक के बारे में

यह नाटक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन उनके त्याग, तपस्या और संगठन निर्माण की गाथा को दर्शाता है। हेडगेवार जी ने जीवन भर समाज को जागृत करने और संगठन निर्माण व्यक्ति निर्माण के लिए तपस्या की। नाटक में केवल ऐतिहासिक घटनाओं का चित्रण ही नहीं बल्कि दर्शकों के सामने उस युग की परिस्थितियां चुनौतियां और समाज निर्माण की प्रेरणा को जीवंत किया गया है। इस नाटक में डॉ हेडगेवार का त्याग उनका संघर्ष उनका संगठनात्मक दृष्टिकोण और राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन दिखाने का प्रयास किया गया है। डॉ के जीवन की झलकियों की दृश्य दर दृश्य प्रस्तुति कर यह दिखाया गया है कि एक व्यक्ति किस प्रकार संगठन अनुशासन और नि:स्वार्थ सेवा के माध्यम से समाज की दिशा बदल सकता है। इसके साथ ही डॉ का संघ को लेकर दूरगामी चिंतन और विचारधारा को बखूबी दर्शाया गया है। डॉ साहब के संग के साथी अप्पा जोशी अन्ना सोहनी भाऊजी कावरे यादवराव जोशी गुरु गोलवलकर बाला साहब देवरस आदि के त्याग तपस्या और बलिदान का बखूबी चित्रण किया गया है। संघ निर्माता डॉ हेडगेवार के जन्म से लेकर संघ स्थापना उनका महाप्रयाण एवं गुरू गोलवलकर को उत्तराधिकारी नियुक्त करना व संघ के शुरूआती वर्ष व आगे की कार्य योजना एवं उद्देश्य को दिखाया गया है। नाटक की प्रस्तुति ने दर्शकों को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देने के साथ.साथ डॉक्टर हेडगेवार के जीवन मूल्यों को अपनाने की दिशा में एक छोटा सा प्रयास किया है। महानाट्य की प्रमुख विशेषता यह है कि डॉ हेडगेवार एक व्यक्ति एक विचार एक युग के लेखक एवं निर्देशक गुलशन कुमार कावड़े नर्मदापुरम जिले के छोटे से कस्बे सिवनी मालवा के युवा हैं। यह पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है कि इस भव्य महानाट्य की प्रस्तुति न केवल देशभर में बल्कि विदेशों में भी प्रस्तावित है, जिससे नर्मदापुरम जिले का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित होगा। मंच पर मुख्य भूमिका सूत्रधार के किरदार में संजय शुक्रवारिया डॉ केशवराव हेडगेवार के बचपन का किरदार विदित कौरव ने पं बलिराम एवं युवा हेडगेवार का किरदार भारत सिंह बमनेले ने वझे गुरुजी रविकांत वासनिक वृद्ध हेडगेवार का किरदार विशाल चतुर्वेदी ने मां रेवती हेडगेवार के किरदार में शिविका कटेरिया ने गुरु गोलवलकर का किरदार केशव केशवाल ने बालासाहब देवरस का किरदार नितिन प्रेमनाथ ने महात्मा गांधी का किरदार गोपाल लेले ने सुभाष चंद्र बोस का किरदार महेन्द्र शुक्रवारे ने एअप्पा जोशी का किरदार राकेश श्रीवास्तव ने भाऊ कावरे का किरदार अरुण ओझा ने भाऊजी सुथार रूपेश श्रीवास्तव बॉबी ने नारायण आप्टे एवं यादवराव जोशी का किरदार विवेक लोधी ने अन्ना सोहने एवं डॉ परांजपे का किरदार सोनू सांगडे ने व सहायक किरदारों में स्वयं मकोरिया मयंक नामदेव मधुर नामदेव पंकज शर्मा पंकज गोयल सुधीर जाधव ऋतिक यादव सुनील मिश्रा यामिनी चक्रपाणि पूनम वर्मा रिया तिवारी करिश्मा बांगड़ वैशाली लखेरा आदि कलाकारों ने भूमिका निभाई।

**मंच पर**

प्रकाश परिकल्पना .धन्नू लाल सिन्हा रूपसज्जा . नरेंद्र राजपूत, सीमा मोरे वेशभूषा . शिविका कटेरिया, खुशबू चौबीतकर एआई क्रिएशन . अखिल लेले गीत लेखक . विवेक सावरीकर रहे।

### नर्मदापुरम में नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण 2026 शुरू

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले में नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 की तैयारी शुरू हो गई है। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा पुनरीक्षण की प्रक्रिया एवं कार्यक्रम जारी किया गया है। तत्संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) नर्मदापुरम नीता कोरी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आयोग से प्राप्त कार्यक्रमानुसार नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्य जारी निर्देशों के तहत समय पर पूर्ण करें।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को नर्मदापुरम में 8 केंद्रों पर 2557 अभ्यर्थी होंगे शामिल

नर्मदापुरम (निप्र)। राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन दिनांक 26 अप्रैल 2026 (रविवार) को ओ.एम.आर. पद्धति से दो सत्रों में किया जाएगा। प्रथम सत्र प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय सत्र दोपहर 02:15 बजे से 04:15 बजे तक आयोजित होगा। जिले में परीक्षा के लिए कुल 8 केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें कुल 2557 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में शासकीय ज्ञानोदय स्कूल, ओल्ड बी.टी.आई. रोड (एनसीसी कार्यालय के पास) में 300, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, आईटीआई रोड में 300, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जुमेराती (काली मंदिर के पास) में 310, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल एसपीएम, हरदा रोड गेट नंबर-1 में 300, शासकीय गर्ल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय, वार्ड-1 इतवारा बाजार में 300, शासकीय एस.एन.जी. उच्च माध्यमिक विद्यालय (बस स्टैंड के पास) में 350, शासकीय गृह विज्ञान संग्रहालय (एस.एस.एन.जी. स्कूल परिसर) नर्मदापुरम में 400 तथा शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, सदर बाजार में 297 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

# सांसद द्वारा ट्यूबवेल उत्खनन कार्य प्रारंभ कराया

**भीषण गर्मी में जल संकट से परेशान वार्ड वासियों के लिए राहत भरी खबर**

नर्मदापुरम। इटारसी (निप्र)। नर्मदापुरम नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने वार्ड क्रमांक 22 की पार्षद एवं सभापति श्रीमती गीता देवेंद्र पटेल की मांग पर एक ट्यूबवेल उत्खनन हेतु राशि की घोषणा की थी आज स्वीकृति उपरांत सुनील तिवारी के घर के पास विधिवत पूजन कर ट्यूबवेल उत्खनन कार्य प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विशेष रूप से नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं जेडआरआरयू सीसी सदस्य योगेंद्र सिंह राजपूत, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य प्रशांत अग्रवाल एवं अन्य वार्ड वासियों की उपस्थिति में ट्यूबवेल उत्खनन का कार्य शुभारंभ हुआ इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि एवं किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी स्थानीय विधायक डॉक्टर सीताशरन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे सहित सभी वरिष्ठ जनों का जल संकट एवं गर्मी से निजात दिलाने के लिए इस महत्वपूर्ण सौगात को प्रदान करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।



# नगरीय निकायों में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु साप्ताहिक परिचर्चा आयोजित




नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले की समस्त नगरीय निकायों में स्थानीय समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से परिषद के सदस्यों (अध्यक्ष एवं पार्षदगण) के साथ साप्ताहिक परिचर्चा बैठक आयोजित किए जाने के निर्देशों के पालन में शुक्रवार को जारी रोस्टर के अनुसार नगर पालिका पिपरिया एवं इटारसी में साप्ताहिक परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया।परिचर्चा के दौरान निकाय स्तर पर विभिन्न जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में उपस्थित अध्यक्ष एवं पार्षदगण द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों को साझा किया गया। इस अवसर पर विभागीय एवं अन्य शासकीय योजनाओं एवं परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आम जन से जुड़ी समस्याओं के निराकरण में तत्परता बरती जाए तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाया जाए।

## नर्मदापुरम में 27 अप्रैल को मेगा प्लेसमेंट कैंप, 1000 से अधिक पदों पर भर्ती का अवसर

नर्मदापुरम (निप्र)। कौशल विकास संचालनालय मध्य प्रदेश के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु 27 अप्रैल 2026 को शासकीय संभागीय आईटीआई, नर्मदापुरम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट ड्राइव में Grew Energy Private Limited द्वारा 8 गीगावाट (8GW) एमपी प्रोजेक्ट, मोहासा (माखनगर) के लिए 1000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से सोलर तकनीशियन, फिटर, टर्नर, वेल्डर, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन सहित इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मैकेनिकल ट्रेड से संबंधित विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति सेल 8GW एमपी प्रोजेक्ट, मोहासा, माखनगर, जिला नर्मदापुरम में की जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का आईटीआई (NCVT/SCVT) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि पर प्लेसमेंट कैंप में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी अपने निकटतम शासकीय आईटीआई से संपर्क कर सकते हैं या दिए गए मोबाइल नंबर 8305178706 एवं 9425310604 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



# सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच ने नवागत कलेक्टर से मुलाकात की

नर्मदापुरम (निप्र)। नवागंतुक जिलाकलेक्टर सोमेश मिश्रा से सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच ने जिला कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित होकर भेंट की। संगठन के द्वारा उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की संस्था के संरक्षक कृपाल सिंह राजपूत अध्यक्ष अरुण दीक्षित अशोक दिबोलिया जयशंकर आजाद तिवारी केएन त्रिपाठी डॉ मयंक तोमर ओम प्रकाश तिवारी मोहम्मद अजहर खान केके शर्मा सनी सिंह रमेश गोप्लानी पंकज साद किरण शर्मा जय बाला निगम सहित अन्य सदस्य उपस्थित हुए। जिला कलेक्टर मिश्रा द्वारा सभी सदस्यों से चर्चा करते हुए कहा कि आप लोगों ने एक अच्छा संगठन बनाया है जहां सद्भावना को प्रोत्साहित किया जाता है मां नर्मदा को भी प्रदूषण मुक्त करने में आप लोग भी सहयोगी बने सभी सदस्यों ने यह विश्वास दिलाया कि नर्मदा जी के किनारे साफ सफाई अभियान में कार्यकर्ताओं को और अधिक प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि प्रदूषण पर विराम लगाया जा सके।

# मंत्री उइके के निर्देश पर ग्राम सिरूपुरा में त्वरित बहाल हुई पेयजल व्यवस्था

नर्मदापुरम (ए.) । मध्य प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने नर्मदापुरम के सिवनी मालवा के ग्राम सिरूपुरा में पेयजल समस्या की जानकारी मिलते ही तत्काल संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री के निर्देशों के अनुपालन में विभागीय अमला तुरंत सक्रिय हुआ और मौके पर पहुंचकर आवश्यक सुधार कार्य प्रारंभ किया गयाजनसंपर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि निरीक्षण के दौरान तकनीकी कारणों एवं जल स्तर में कमी के चलते प्रभावित हैंडपंपों को प्राथमिकता से दुरुस्त किया गया। सभी बंद पड़े हैंडपंपों का सुधार कार्य पूर्ण कर उन्हें पुन: चालू कराया गया। साथ ही नलकूप में आवश्यक पाइप बढ़ाकर नलजल योजना को भी पुन: क्रियाशील किया गया। त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप अब ग्राम में सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारंभ हो गई है और ग्रामीणों को राहत मिली है। विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि पेयजल व्यवस्था निरंतर सुचारू बनी रहे।उन्होंने बताया कि नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा तहसील के ग्राम सिरूपुरा में जल जीवन मिशन अंतर्गत 14.13 लाख रु. की लागत से रेट्रोफिटिंग नलजल योजना के अंतर्गत पुराने नलकूप में मोटर पंप स्थापित कर 1064 मीटर पाइपलाइन के माध्यम से सभी घरों तक घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए।

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*